# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 28 दिसंबर 2024


# संघ प्रमुख भागवत आज बोरियाखुर्द में कार्यकर्ता के घर पर करेंगे बैठक, शाखा भी जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत पहली बार एक कार्यकर्ता के घर पर बैठक करने वाले हैं। वे शुक्रवार शाम 5.30 बजे वंदे भारत एक्सप्रेस से नागपुर से रायपुर पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर उनका स्वागत प्रदेश संघ के पदाधिकारियों ने किया। स्टेशन से वे सीधे जागृति मंडल के लिए रवाना हो गए। शनिवार को वे राजधानी के बोरियाखुर्द की शाखा में रहेंगे। इसके बाद वे वहां पर एक कार्यकर्ता के घर पर बैठक करेंगे। यहां पर सरसंघचालक छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुरमी का स्वाद भी ले सकते हैं। जिस कार्यकर्ता के घर वे जाने वाले हैं, पुलिस वाले उस घर को शनिवार सुबह से ही सुरक्षा घेरे में ले लेंगे। इसी के साथ दूसरे दिन कबीर नगर में एक कार्यकर्ता के घर पर भी बैठक करने वाले हैं।

- छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी-खुरमी का ले सकते हैं स्वाद

डा. भागवत शुक्रवार की शाम जब रायपुर पहुंचे तो उनको भारी सुरक्षा घेरे में स्टेशन से बाहर लाया गया। यहां से वे जागृति मंडल चले गए। अब वे रात्रि विश्राम वहीं पर करेंगे। उनका यहां पर पांच दिनों का जो कार्यक्रम है, उसमें वे ▶▶| शेष पेज 4 पर

## वंदेभारत एक्सप्रेस से नागपुर से पहुंचे रायपुर, भारी सुरक्षा घेरे में लाए गए जागृति मंडल

### पहले जाएंगे शाखा में

डॉ. भागवत शनिवार को जागृति मंडल में सुबह के सत्र में बैठक करने के बाद शाम के सत्र में सबसे पहले बोरियाखुर्द की शाखा में जाएंगे। इसके बाद वे यहां पर एक कार्यकर्ता के घर पर जाएंगे। उनके साथ कई पदाधिकारी भी रहेंगे। यहां पर करीब आधे घंटे तक संगठनात्मक बैठक होगी। दूसरे दिन डॉ. भागवत सुबह के सत्र में कबीर नगर की शाखा में जाने के साथ वहां के एक कार्यकर्ता के घर पर बैठक करेंगे।



### अनुषांगिक संगठनों से होगी चर्चा

आरएसएस के करीब तीन दर्जन अनुषांगिक संगठन हैं। इन संगठनों से दो-दो पदाधिकारियों को भी जागृति मंडल में चर्चा के लिए बुलाया गया है। इसमें भाजपा भी शामिल है। भाजपा से संगठन महामंत्री पवन साय के साथ एक और महामंत्री जाएंगे। इसी तरह से अन्य संगठनों से भी संगठन के महामंत्रियों के साथ एक और पदाधिकारी जाएंगे। सभी अनुषांगिक संगठनों को बताया जाएगा कि उनको शताब्दी वर्ष में क्या-क्या करना है।



फैवट फाइल

### विभिन्न सत्र में लेंगे बैठक

*डॉ भागवत यहां पर पांच दिनों तक विषय आधारित विभिन्न बैठकों में संगठनात्मक कार्यों की चर्चा करेंगे। सरसंघचालक की इन बैठकों में कार्य विस्तार के साथ कार्यकर्ताओं व स्वयंसेवकों के गुणात्मक विकास पर विशेष रूप से चर्चा होगी। संघ ने शताब्दी वर्ष में प्रत्येक गांव व शहरी क्षेत्र तक शाखा के माध्यम से पहुंचने का लक्ष्य रखा है। संघ अपने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के लिए काम करेगा। पंच परिवर्तन में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व आधारित जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य को शामिल किया गया है।*


## खबर संक्षेप

### चीनी मिल टैंक में विस्फोट से दो की मौत, एक घायल



**मुंबई।** महाराष्ट्र के जालना जिले में एक चीनी मिल के सल्फर टैंक में विस्फोट हो जाने से दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। यह दुर्घटना यहां से 390 किमी दूर परतूर स्थित बागेश्वरी चीनी मिल में हुई। मृतकों की पहचान अशोक तेजराव देशमुख और अप्पासाहेब शंकर पारखे के रूप में हुई है।

### लालकृष्ण आडवाणी 14 दिनों बाद अस्पताल से डिस्चार्ज



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को अस्पताल से 14 दिन बाद छुट्टी मिल गई है। तबीयत बिगड़ जाने के कारण उन्हें 12 दिसंबर को इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्हें स्वास्थ्य लाभ के 14 दिन बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। बता दें कि आडवाणी आईसीयू में भर्ती रहे।

### अल्लू अर्जुन ने दायर की नियमित जमानत की याचिका



**हैदराबाद।** "पुष्पा-2" के प्रीमियर के दौरान भगदड़ मचने से एक महिला की मौत के मामले में दर्ज प्राथमिकी में आरोपी अभिनेता अल्लू अर्जुन वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से यहां एक स्थानीय अदालत में पेश हुए। मामले में नामजद अल्लू अर्जुन ने अदालत में नियमित जमानत के लिए याचिका भी दायर की।

### बीएसएफ के जवान ने खुद को गोली मारी



**जयपुर।** राजस्थान के जैसलमेर जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के एक जवान ने44 वर्षीय हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार ने बृहस्पतिवार को अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जैसलमेर के वृत्ताधिकारी ने बताया कि जवान कृष्ण कुमार पंजाब के होशियारपुर का रहने वाला था।

## राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी, शाह, राजनाथ, सोनिया, खड़गे, राहुल ने दी श्रद्धांजलि

# देश-विदेश के मन में मनमोहन, सबने किया याद, 7 दिन झुके रहेंगे राष्ट्रीय ध्वज

*भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह गुरुवार को 92 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह गए। उनके निधन की खबर से पूरे देश में शोक की लहर है। सिंह की बेटी अमेरिका से दिल्ली पहुंचीं। आज शनिवार को सिंह का अंतिम संस्कार होगा। केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 26 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन के बाद 26 दिसंबर से एक जनवरी तक पूरे देश में सात दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। इस दौरान, उन सभी स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, जहां इसे पारंपरिक रूप से फहराया जाता है और सभी आधिकारिक कार्यक्रम स्थगित रहेंगे।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर उनके आवास पर अंतिम दर्शनार्थ रखा गया है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत देश के कई वरिष्ठ नेता दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के आवास पर पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर मौजूद रहीं। बता दें, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर कल 28 दिसंबर को कांग्रेस मुख्यालय लाया जाएगा, जहां लोग उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। उनका अंतिम संस्कार राजघाट के पास किया जाएगा।

केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 26 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन के बाद 26 दिसंबर, 2024 से एक जनवरी, ▶▶| शेष पेज 4 पर

### देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत रहा : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले उन्होंने शोक संदेश में कहा, 'पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का जीवन देशवासियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहा। एक अर्थशास्त्री के रूप में उन्होंने अलग-अलग स्तर पर भारत सरकार में सेवाएं दीं। उन्होंने रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में सेवाएं दीं। पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री रहे और देश में आर्थिक उदारीकरण की नींव रखी।







### राष्ट्र उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा

कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और केसी वेणुगोपाल तथा पार्टी के अन्य नेता दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आवास पर मौजूद हैं। सोनिया गांधी ने कहा राष्ट्र उनके योगदान को हमेशा याद रखेगा।

### छग में कई कार्यक्रम रद्द आधे झुके रहेंगे ध्वज

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के शोक में छत्तीसगढ़ में सात दिनों का राजकीय शोक घोषित किया गया है। सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में सूचना जारी किया है। पूरे राज्य में 26 दिसंबर से 1 जनवरी तक राजकीय शोक रहेगा।

### सिख धर्म के अनुसार होगा अंतिम संस्कार

*चूंकि मनमोहन सिंह सिख धर्म से ताल्लुक रखते थे। लिहाजा उनका अंतिम संस्कार उसी अनुसार हो सकता है। इसे अंतिम अरदास कहा जाता है। सिख धर्म में अंतिम संस्कार से संबंधित परंपराएं और विधियां हिंदू धर्म से कुछ हद तक अलग होती हैं। सिख धर्म में यह बाध्यता नहीं है कि केवल पुरुष ही मुखाग्नि दे सकते हैं। परिवार का कोई भी सदस्य, पुत्र, बेटी, पत्नी, भाई, बहन, नाती-पोते या अन्य करीबी रिश्तेदार हो, मुखाग्नि दे सकता है। नाती को भी परिवार का अंग माना जाता है।*

# पति-पत्नी और बच्ची की संदेहास्पद मौत, मामले की जांच में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

शहर के समीप ग्राम भंवरमरा के एक मकान में पति-पत्नी और बच्ची की अधजली लाश मिली है। मामला संदेहास्पद होने से फोरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग एस्कॉर्ट की मदद से जांच की जा रही है।

शहर के बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह लगभग 9 बजे ग्राम भंवरमरा में किराना व्यवसाय करने वाले भागवत सिन्हा, उनकी पत्नी तामेश्वरी सिन्हा एवं लगभग ढाई वर्षीया पुत्री भाव्या सिन्हा की जली हुई लाश उनके घर के भीतर कमरे में मिली है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अपनी जांच शुरू कर दी। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### घटना संदेह के दायरे में

पति-पत्नी और बच्ची की मौत किन परिस्थितियों में हुई इसकी जांच पुलिस कर रही है। मामला आत्महत्या का है, हादसा है या फिर किसी व्यक्ति के द्वारा हत्या की वारदत को अंजाम दिया गया है। इन सभी दिशाओं पर पुलिस अपनी जांच कर रही है, लेकिन घटनास्थल की परिस्थितियों के अनुसार मामला ▶▶| शेष पेज 4 पर

### दुकान नहीं खुलने पर घटना की जानकारी

गांव में ही किराना दुकान चलाने वाला मृतक भगवत सिन्हा ने जब आज सुबह अपनी दुकान नहीं खोली तो दुकान पर पहुंचे कुछ परिचितों ने उनके घर जाकर देखा तब घटना का पता चला, जिसके बाद सूचना सुरगी पुलिस चौकी को दी गई। पुलिस ने घटना स्थल की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया है।

*मोटर सायकल के उड़े परखच्चे स्कार्पियो का सामने का हिस्सा हुआ क्षतिग्रस्त*

# फिल्मी स्टाइल में दौड़ रही स्कार्पियो ने दो बाइक को रौंदा, 2 छात्राओं सहित पांच की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर के अंतागढ़ मार्ग में दोपहर को भीषण सड़क हादसे में शराबी स्कार्पियो के चालक ने दो बाइक को चपेट में लिया, जिसमें 2 छात्राओं सहित 5 लोगों की मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही हडकंप मच गया और अस्पताल में भीड़ जुट गई। घटनास्थल में मिले पाँच शवों को अस्पताल लाया गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को अपने कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार स्कार्पियो क्रमांक सीजी 20 जे 7215 वाहन सायंकाल लगभग 4 बजे बहुत तेज गति से भानुप्रतापपुर से ▶▶| शेष पेज 4 पर

- वाहन मालिक शिक्षक अंतागढ़ के पोड़गांव के निवासी, धान बेचने आए है पोड़गांव



### स्कार्पियो में मिली शराब की दो पौवा

चालक मनोज ने बताया कि बीजापुर से सवारी लेकर आया था और सवारी को छोड़कर भानुप्रतापुर आया। शराब दुकान में पहुँचकर शराब पीया और शराब के दो पौवा को लेकर वापिस जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया। स्कार्पियो में दो शराब के पौवा को पुलिस ने जब्त किया है।

### खंडी घाट का मोड़ बना है डेंजर जोन

खंडी घाट पर जिस जगह हादसा हुआ है, यह डेंजर जोन साबित हो रहा है। इस जगह कई बार हादसे हो चुके है। इस डेंजर जोन को ठीक करने के लिए यातायात विशेषज्ञों की सलाह लेकर ठीक करना चाहिए, अन्यथा इस स्थल पर दुर्घटनाओं को रोक पाना संभव नहीं दिख रहा है।

### पाँच लोग मौत के आगोश में समाए

मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएस 3954 के मालिक संबलपुर निवासी चोकेश्वर प्रजापति अपनी मोटर सायकल में चौगेल निवासी 21 वर्षीय कामती कावड़े और संबलपुर निवासी प्रियंका निषाद को बैठाकर अंतागढ़ की ओर से भानुप्रतापपुर आ रहे थे, इसमें युवतियाँ दोनो छात्राएं है। मोटर सायकल चालक चोकेश्वर प्रजापति सीएसईबी में बिजली मीटर रीडिंग लेने का काम करता है। दूसरी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 ई 2492 का वाहन मालिक तरूण हड़गिया पिता जेठूराम हड़गिया है, जो छुरिया राजनांदगांव का निवासी है।






## आठ राज्यों में बारिश और ओले का अलर्ट, दिल्ली में हुई बारिश

# तीन राज्यों में हाईवे पर जमी एक-एक फुट बर्फ, झील बनी क्रिकेट ग्राउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तर भारत ठंड की चपेट में है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में बर्फबारी के बाद हाईवे पर बर्फ की आधा से लेकर एक फुट तक परत जम गई है। यूपी, एमपी, बिहार समेत 8 राज्यों में बारिश और ओले का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं जम्मू में एक तालाब का पानी जम गया जिस पर बच्चों ने क्रिकेट खेलकर आनंद उठाया। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बर्फबारी हो रही है। इन तीनों राज्यों में राहाईवे पर बर्फ जमने की खबरें आई हैं। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु समेत ▶▶| शेष पेज 4 पर

### जम्मू-कश्मीर: जमीं झीलें शिकारे फंसे, क्रिकेट खेली

जम्मू-कश्मीर में सर्दी अपने चरम पर है। सोपोर के हरितारा इलाके में तालाब पूरी तरह जम गया है। बच्चे जमीं हुई झील पर क्रिकेट खेलते नजर आए। श्रीनगर की डल झील पर शिकारे निकालने में मुश्किल हो रही है। कई सड़कें बर्फबारी के कारण बंद हैं।



### उत्तराखंड: हाईवे और घाटियां बर्फ से जमीं

उत्तराखंड में भी हालात गंभीर बने हुए हैं। जोशीमठ और पिथौरागढ़ में नेशनल और स्टेट हाईवे बर्फ से बंद हैं। हर्शिल घाटी में सड़कों से बर्फ हटाने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया जा रहा है। बद्रीनाथ धाम में दिन का तापमान माइनस 4 डिग्री तक पहुंच गया है। मसूरी और चकराता में भी बर्फबारी जारी है। मौसम विभाग ने कहा है कि यहां अगले तीन दिनों तक बर्फबारी का दौर जारी रहेगा।

### हिमाचल प्रदेश: नेशनल हाईवे बर्फ से ढके

हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी ने यातायात ठप कर दिया है। नेशनल हाईवे-305 पर 1 फुट तक बर्फ जमा है। 24 सड़कें और 2 हाइवे बंद हैं। बसों की आवाजाही पूरी तरह से रुकी हुई है। शिमला और मनाली जैसे इलाकों में तापमान माइनस में चला गया है। प्रशासन बर्फ हटाने के लिए लगातार कोशिश कर रहा है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले दो दिनों तक बर्फबारी जारी रह सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने 32 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत डल्लेवाल की सेहत को लेकर पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि डल्लेवाल को दी जा रही मेडिकल मदद जारी रहे। ऐसा लग रहा है कि पंजाब सरकार ऐसा नहीं कर रही है। कल पंजाब सरकार रिपोर्ट पेश करें। अदालत पंजाब के चीफ सेक्रेटरी के खिलाफ कंटेप्ट पिटीशन पर सुनवाई कर रही है।

# अनशन कर रहे डल्लेवाल आज ऑनलाइन जुड़ेंगे सुप्रीम कोर्ट से

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने कहा- अगर वहां लॉ इंड ऑर्डर की स्थिति है तो इसे सख्ती से निपटना चाहिए। किसी की जिंदगी दांव पर है, पंजाब सरकार को इसे गंभीरता से लेना होगा। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम कल सुनवाई के दौरान जगजीत डल्लेवाल से भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात करेंगे। उसके बाद कोई आदेश देंगे। कोर्ट की पहली प्राथमिकता उनकी जिंदगी है। सुप्रीम कोर्ट में पंजाब सरकार की ओर से जानकारी दी गई कि धरनास्थल पर बैठे प्रदर्शनकारी किसान डल्लेवाल को स्थानांतरित करने का विरोध कर रहे हैं। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने टिप्पणी की कि कुछ लोग किसान नेता को बंधक बनाकर नहीं रख सकते। उन्होंने कहा कि डल्लेवाल को हर हालत में चिकित्सा सहायता प्रदान करनी चाहिए।

### सर्वोच्च न्यायालय ने पंजाब सरकार को लगाई फटकार

### 'एक इंसान की जिंदगी दांव पर लगी है' सरकार नहीं कर रही मदद

### मेडिकल सहायता पर पंजाब सरकार को रिपोर्ट देने कहा

**सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख**

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी भी इंसान की जिंदगी से समझौता नहीं किया जा सकता। राज्य सरकार को निर्देश दिया गया कि कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की स्थिति में सख्त कदम उठाए जाएं। कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि किसान नेता को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार्य नहीं है। SC ने कहा कि हमे उन किसानो की नीयत पर शक है जो डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में बाधा डाल रहे हैं।*



### सुनवाई में चीफ सेकेट्री को भी रहना होगा मौजूद

सुप्रीम कोर्ट ने 31 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के सेहत और उपचार को लेकर पंजाब सरकार को हलफनामा दाखिल करने को कहा है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम कल सुनवाई के दौरान जगजीत सिंह डल्लेवाल से ऑनलाइन बात करेंगे। उसके बाद कोई आदेश देंगे। हमारी पहली प्राथमिकता उनकी जिंदगी है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के चीफ सेकेट्री और डीजीपी को भी कल होने वाली सुनवाई में ऑनलाइन मौजूद रहने को कहा है।

### 32 दिन से अनशन पर डल्लेवाल, पानी भी छोड़ा

70 साल के किसान नेता जगजीत डल्लेवाल 32 दिन से आमरण अनशन पर हैं। उन्होंने पहले अन्न खाना छोड़ दिया था, अब वे पानी भी नहीं पी रहे। पानी पीने से उन्हें उल्टियां हो रही हैं। उनके साथी किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने बताया कि उनका ब्लड प्रेशर 88/59 हो चुका है। 60 साल से ज्यादा उम्र के पुरुष का सामान्य ब्लड प्रेशर 133/69 सही माना जाता है। डल्लेवाल की इम्यूनिटी भी काफी कमजोर हो चुकी है। मगर वह डॉक्टरी इलाज लेने से इनकार कर चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती में डमी कैंडिडेट का रैकेट चलाने वाला दबोचा

**जयपुर।** राजस्थान में अग्निवीर भर्ती परीक्षा डमी कैंडिडेट बैठाने का रैकेट चलानेवाले एक शख्स को जोधपुर पुलिस ने पकड़ा है।



आरोपी 12वीं पास करवाने समेत सभी तरह की परीक्षाओं में पास करवाने का ठेका भी लेता था। खुद भी डमी कैंडिडेट बैठाकर पास हुआ है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि 12वीं बोर्ड परीक्षा पास करवाने के लिए 25 हजार रुपए लेता था।

### सुजुकी मोटर के पूर्व चेयरमैन ओसामु का 94 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के पूर्व चेयरमैन ओसामु



सुजुकी का निधन हो गया है। उन्होंने जापानी मिनी-वाहन निर्माता को ग्लोबल लेवल पर प्रतिस्पर्धी कंपनी बनाने में मदद की। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

दुनियाभर के अखबारों ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि, तारीफ में पढ़े कसीदे

# न्यूयार्क टाइम्स ने लिखा- मनमोहन के चलते चीन से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हुआ भारत



## वर्ल्ड मीडिया ने दूरगामी बदलावों का दिया श्रेय, कहा भारत को आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभारा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने गुरुवार को 92 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके निधन पर भारत की तरह ही पूरी दुनिया के लोग शोक मना रहे हैं और उनकी उपलब्धियों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं। दुनिया भर की मीडिया में मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए खबरें प्रकाशित की गई हैं। चाहे वो, अमेरिकी, ब्रिटिश मीडिया हो या धुर विरोधी पाकिस्तान या फिर मध्य-पूर्वी देशों की मीडिया। सभी जगह मनमोहन सिंह के निधन पर खबरें प्रमुखता से प्रकाशित की हैं।

### अमेरिकी मीडिया

अमेरिका के प्रतिष्ठित अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स ने भी पूर्व प्रधानमंत्री के निधन की खबर को प्रमुखता से छापा है। एनवायटी ने लिखा है कि, 'देश के पहले सिख प्रधानमंत्री के तौर पर मनमोहन सिंह ने मुक्त बाजार सुधार लागू किए, जिससे भारत एक आर्थिक महाशक्ति बन गया और उन्होंने पाक के साथ सुलह की कोशिश की। एनवायटी ने डॉ. सिंह को मृदुभाषी और बुद्धिजीवी के तौर पर वर्णित करते हुए लिखा है कि उन्हें दूरगामी बदलावों का श्रेय दिया जाता है, जिससे देश आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरकर चीन से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हुआ।

### ब्रिटिश मीडिया

ब्रिटिश डेली न्यूजपेपर द गार्जियन ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भारत के बड़े आर्थिक सुधारों का निर्माता बताते हुए लिखा है कि उन्होंने देश को वैश्विक महाशक्ति के रूप में उभरने में मदद की। उन्होंने भारत की उथल-पुथल भरी राजनीति में प्रधानमंत्री के तौर पर दो बार कार्यकाल पूरा किया। मनमोहन सिंह को तेज़ आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का श्रेय दिया जाता है जिसने करोड़ों भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला। ब्रिटिश मीडिया बीबीसी ने लिखा है कि, 'सिंह भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले प्रधानमंत्रियों में से एक थे और उन्हें प्रमुख उदारवादी आर्थिक सुधारों का निर्माता माना जाता है।' न्यूज़ एजेंसी राइटर्स ने लिखा है, 'प्रधानमंत्री के तौर पर मनमोहन अपने पहले कार्यकाल में वह 'अनिच्छुक राजा' के तौर पर वर्णित किए गए।

### मध्य पूर्व के अखबार

क़तरी ब्रॉडकास्टर अल जज़ीरा ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर लिखा है कि, वह 90 के दशक में भारत के आर्थिक उदारीकरण के वास्तुकार थे। पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने वित्त मंत्री के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था को उदार बनाया।

### बांग्लादेश और पाकिस्तान के अखबारों ने क्या लिखा?

पाकिस्तान के लगभग सभी बड़े अखबारों ने मनमोहन सिंह के निधन पर खबर प्रकाशित की है। बांग्लादेश का अंग्रेजी भाषा का दैनिक अखबार ढाका ट्रिब्यून ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन का जिक्र करते हुए लिखा है कि, वह 1990 के दशक में भारत के आर्थिक उदारीकरण के शिल्पकार थे। उन्होंने अमेरिका के साथ एक ऐतिहासिक परमाणु समझौता भी किया। पाकिस्तानी अंग्रेजी अखबार डॉन ने लिखा है कि, शांत स्वभाव वाले मनमोहन सिंह यकीनन भारत के सबसे सफल नेताओं में से एक थे। भारत को अभूतपूर्व आर्थिक विकास की ओर ले जाने और करोड़ों लोगों को भयंकर गरीबी से बाहर निकालने का श्रेय उन्हें दिया जाता है।

दो पुलिसकर्मी भी घायल

# मणिपुर के दो गांवों में बंदूक व बम से हमला, मोर्टार दागे

एजेंसी ▸▸| इंफाल

पहाड़ी इलाकों से हथियारबंद लोगों ने शुक्रवार को मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले के दो गांवों में बंदूक और बम से हमला किया। हथियारबंद लोगों के साथ गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी समेत दो लोग घायल हो गए। ये हमले सनसाबी और थमनापोकपी गांवों में किए गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमले के बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप दोनों गांवों में भीषण गोलीबारी हुई। पहाड़ी की चोटी से हथियारबंद लोगों ने सनसाबी गांव और आस-पास के इलाकों में सुबह करीब 10.45 बजे अंधाधुंध गोलीबारी और बम फेंकना शुरू कर दिया। इस पर सुरक्षाकर्मियों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। सनसाबी गांव में हुई गोलीबारी में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए।



### गोलीबारी में फंसे महिलाओं-बच्चे को बचाया

हथियारबंद लोगों और सुरक्षाकर्मियों के बीच गोलीबारी शुरू होने पर स्थानीय लोग इधर-उधर भागते देखे गए। अधिकारी ने बताया। हथियारबंद लोगों ने सुबह करीब 11.30 बजे जिले के थामनापोकपी गांव में भी हमला किया। इसके बाद वहां के निवासियों में दहशत फैल गई। सीआरपीएफ कर्मियों सहित सुरक्षा बलों ने गोलीबारी में फंसी कई महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को बचाया। पिछले साल मई से मणिपुर में मैतेई और कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं।

### इंफाल पश्चिम में डॉक्टर के घर पर हथगोला फेंका

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि अज्ञात लोगों ने इंफाल पश्चिम जिले के चिंगमेइरोंग इलाके में एक डॉक्टर के घर एक हथगोला फेंका। ग्रेनेड के साथ 'केसीपी (पीडब्लूजी) की आखिरी चेतावनी लिखा एक नोट भी मिला है। पुलिस ने ग्रेनेड को मौके से हटा दिया। धमकी जबरन वसूली से संबंधित हो सकती है और मामले की जांच चल रही है।

'कहा- तुम पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस है'

# छात्र को 4 दिनों तक रखा डिजिटल अरेस्ट, ट्रांसफर करा लिए 2 लाख



एजेंसी ▸▸| लखनऊ

बीते दिनों देश में साइबर क्राइम के मामले जिस तेजी से बढ़े उतनी ही तेजी से 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी चीज भी सामने आई है। ये एक प्रकार से किसी को मेंटली कंट्रोल करने जैसा होता है और एक फोन कॉल से इसके जाल में फंस चुके लोग इसे भयानक बताते हैं और लाखों रुपये भी गंवा देते हैं। ऐसा ही एक मामला उत्तर प्रदेश के लखनऊ से आया है। यहां साइबर ठगों द्वारा एक छात्र को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का मामला सामने आया है। यहां साइबर ठगों ने एक छात्र को मनी लॉन्ड्रिंग में दोषी बताकर उसे न सिर्फ चार दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रखा बल्कि उससे दो लाख रुपये भी वसूल लिए। पीड़ित छात्र अलीगंज के त्रिवेणी नगर-3 का निवासी है। ठगों ने छात्र को फोन कर खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच और मुंबई सीबीआई अधिकारी बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि उसके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज है और उसे तुरंत पैसे जमा कराने होंगे। ठगों ने छात्र को डिजिटल अरेस्ट में रखने की धमकी दी और उससे केस खत्म के नाम पर दो लाख रुपये भी ट्रांसफर करवा लिए। छात्र ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने छात्र को साइबर ठगों से सावधान रहने की सलाह दी है।

एयरपोर्ट पर 2 की मौत, फ्लाइट पर बैठते वक्त हुई बमबारी

# इजराइली बमबारी में बाल-बाल बचे डब्लूएचओ चीफ

एजेंसी ▸▸| साना

यमन के सना एयरपोर्ट पर गुरुवार को इजरायल ने हमला किया। हमले में बंदरगाह और एयरपोर्ट को निशाना बनाया गया। इजरायल की ओर से जिस वक्त एयरपोर्ट पर हमला किया गया। उस दौरान वहां डब्ल्यूएचओ चीफ टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस भी मौजूद थे। इस हमले में डब्ल्यूएचओ चीफ बाल-बाल बच गए। हूती विद्रोहियों ने पिछले कई महीनों से यूएन कर्मचारियों को बंधक बना रखा है। इन्ही कर्मचारियों की रिहाई के लिए बातचीत करने डब्ल्यूएचओ चीफ यमन पहुंचे थे। डब्ल्यूएचओ का माना है कि शांति के बिना कोई स्वास्थ्य नहीं है, और स्वास्थ्य के बिना कोई शांति नहीं है।



एयरपोर्ट पर हुए हमले की जानकारी देते हुए डब्ल्यूएचओ चीफ टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों की रिहाई के लिए बातचीत करने और यमन में स्वास्थ्य और मानवीय स्थिति का आकलन करने का हमारा मिशन आज पूरा हो गया। हम बंदियों की तत्काल रिहाई की मांग करते रहेंगे।

### 25 विमानों से एयर स्ट्राइक

इजराइल ने 25 विमानों से एयरस्ट्राइक की इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाते हुए गुरुवार एयरस्ट्राइक की थी। आईडीएफ ने दावा किया कि उसने इस एयरस्ट्राइक में हूतियों के सैन्य ठिकानों को टारगेट किया है। इसमें सना इंटरनेशल एयरपोर्ट, हेजयाज और रस कानेतीब के पावर स्टेशन और अल हुदैदा, सलीफ और रस कानेतीब बंदरगाह शामिल हैं। एयरस्ट्राइक के लिए 25 विमानों का इस्तेमाल किया था। इनमें फाइटर जेट के अलावा, रिफ्यूलिंग प्लेन और जासूसी विमान भी शामिल थे। इन हमलों में 6 लोगों की मौत हुई है।

### पुलिया से टकराई स्कूल बस आधा दर्जन बच्चे घायल

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर के चोमू में बच्चों से भरी स्कूल बस हादसे का शिकार हो गई। स्कूल बस निर्माणाधीन पुलिया में घुस गई, जिसमें 30 से ज्यादा बच्चों के सवार होने की जानकारी सामने आई है। बस में बैठे करीब आधा दर्जन बच्चे घायल बताए जा रहे हैं। बस का ड्राइवर और एक टीचर भी हादसे में घायल हुआ है। यह हादसा चोमू के एनएच 52 भोजलावा कट के पास हुआ है। जानकारी मिलने के बाद चोमू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची. यह भी जानकारी सामने आ रही है कि बच्चों से भरी स्कूल बस नियमों का उल्लंघन करते हुए धड़ल्ले से गुजर रही थी।







रायपुर
शनिवार, 28 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 23, अंक : 162
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 30.8
न्यून. 18.8

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



03 'ऑल वी...' के लिए जाहिर की खुशी

विचार पेज
02 काजल की कोठरी में बेदाग रहे...

# एसीआई में आठ माह ब्रेक के बाद पहली ओपन हार्ट सर्जरी, महिला का किया गया वाल्व रिप्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

निजी अस्पतालों में जाकर लाखों रुपए खर्च करने की मजबूरी से मरीजों को राहत मिल गई है। रोड़ा हटने के बाद एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में गुरुवार को आठ माह के ब्रेक के बाद पहली ओपन हार्ट सर्जरी की गई है। पचास साल की महिला का आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से निशुल्क वॉल्व रिप्लेसमेंट किया गया है। गुरुवार को टाइटेनियम का वाल्व लगाया गया। दोपहर मरीज ने अपने हाथों से लंच किया।

एसीआई के सीटीवीएस विभागाध्यक्ष एवं कार्डियक सर्जन डा. कृष्णकांत साहू ने बताया कि महासमुंद निवासी 50 वर्षीय महिला मरीज को लगभग तीन साल से सांस फूलने की शिकायत थी। थोड़ा भी काम करने से हृदय की धड़कन बढ़ जाती थी, जिसे हार्ट पल्पिटेशन कहा जाता है। इन्हीं समस्याओं के साथ महिला आंबेडकर अस्पताल के एडवांस्ड कार्डियक इंस्टीट्यूट के हार्ट सर्जरी विभाग में पहुंची थी। जाँच में पता चला कि हार्ट के वाल्व में सिकुड़न है और एक वाल्व में लीकेज है। हार्ट का वाल्व इतना सिकुड़ गया था कि इनको डॉक्टर ने 3 साल पहले ही ऑपरेशन की सलाह दी थी। ओपन हार्ट सर्जरी का नाम सुनकर मरीज तथा उसके परिवार के लोग घबरा गए और उस वक्त उन्होंने ओपन हार्ट सर्जरी करवाने से मना कर दिया। उसके बाद समस्या बढ़ती गई और मरीज पुनः एक बार फिर सीटीवीएस के विभाग पहुंची थी। जहां उसकी सर्जरी की गई, चौबीस घंटे बाद उसके स्वास्थ्य में सुधार आ गया है।

### मानव संसाधन का इंतजाम

डॉ. कृष्णकांत साहू ने मरीज की स्थिति को ध्यान में रखते हुए अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर को केस की गंभीरता तथा ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता के बारे में बताया। इससे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को अवगत कराया गया। उनके निर्देश पर तत्काल कार्डियक एनेस्थेटिस्ट, परफ्यूजनिस्ट तथा अन्य मानव संसाधन की व्यवस्था की गई और 26 दिसंबर को मरीज की ओपन हार्ट सर्जरी की गई तथा मरीज के हृदय में कृत्रिम वाल्व का प्रत्यारोपण किया और एक वाल्व को रिपेयर किया।

### आयुष्मान योजना से मिली निशुल्क ऑपरेशन की सुविधा

- टाइटेनियम का वाल्व लगाया मरीज ने अपने हाथों से किया लंच



### बाइपास सर्जरी जल्द

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नए वर्ष के आगमन पर ओपन हार्ट सर्जरी सुविधा की शुरुआत के लिए अस्पताल प्रबंधन को अपनी तरफ से शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा है कि बहुत जल्द ही यहां बाइपास सर्जरी की शुरुआत भी होगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पुस्तक मेला 2 से, बांग्लादेशी प्रकाशक भाग नहीं लेंगे



**अगरतला।** अगरतला पुस्तक मेला 2 से 14 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा लेकिन बांग्लादेश के प्रकाशक या पुस्तक विक्रेता इस आयोजन में भाग नहीं लेंगे। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा 2 जनवरी को पश्चिमी त्रिपुरा के बदरघाट मेला मैदान में 43वें 12 दिवसीय अगरतला पुस्तक मेले का उद्घाटन करेंगे।

### सात लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण



**गोंदिया।** महाराष्ट्र के गोंदिया में सात लाख रुपये के इनामी नक्सली ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि देवा उर्फ अर्जुन उर्फ राकेश सुमदो मुदाम (27) प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के मलाजखंड दलम और पामेड़ प्लाटून संख्या नौ का सदस्य था।

### संभल में शाही जामा मस्जिद के सामने बनेगी पुलिस चौकी



**संभल।** संभल में हिंसा के बाद पुलिस प्रशासन ने कड़े कदम उठाते हुए कोट पूर्वी मोहल्ले में स्थित शाही जामा मस्जिद के सामने नयी चौकी बनाने का फैसला लिया है, जिसके तहत जमीन की नपाई काम काम शुरू हो गया है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने यह जानकारी दी हालांकि चौकी का नाम क्या होगा यह नहीं बताया।

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मृत मिली मादा बाघ शावक



**उमरिया।** मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक मादा बाघ शावक मृत पाई गई। पनपथा के उपमंडल वन अधिकारी बीएस. उप्पल ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि लगभग डेढ़ साल की मादा बाघ शावक की मौत बाघों के बीच लड़ाई के कारण हुई।

### तालाब में नहाने गए दो बालकों की मौत



**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले के एक गांव में तालाब में डूबने से दो लड़कों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि घटना मानपुर गांव में हुई। उन्होंने कहा, अनमोल और रितिक नाम के दो लड़के सुबह करीब 10 बजे तालाब में नहाने गए थे। जब वे घर नहीं लौटे तो उनके परिवार के सदस्यों ने उनकी तलाश शुरू कर दी।

## बोर्ड परीक्षा से पहले होंगे पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव

# शहर और गांव की सरकारें एक साथ चुनी जाएंगी, ईवीएम नहीं, इस बार बैलेट से चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। राज्य में पहली बार एक साथ हो रहे इन दोनों चुनाव में मतदान बैलेट पेपर से होगा। इससे पहले अब तक निकायों के चुनाव ईवीएम के माध्यम से कराए जाते रहे हैं। राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के भारसाधक मंत्री अरुण साव ने शुक्रवार को मीडिया से चर्चा में दोनों चुनाव एक साथ कराए जाने के सरकार के फैसले से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव की तैयारी कर ली है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण हर तीन माह में

श्री साव ने बताया कि, पहले मतदाता सूची साल में एक बार तैयार की जाती थी। अब हर तीन महीने में सूची बनाने का निर्णय लिया है, ताकि नए मतदाताओं को अपने नाम जुड़वाने में आसानी हो। उन्होंने कहा कि, बोर्ड परीक्षा मार्च से शुरू हो रही है। उम्मीद है कि सभी चुनाव बोर्ड परीक्षा से पहले करा लेंगे।

### सरकार की तैयारी पूरी है: अरुण साव

**सरकार ने बहुत पहले से कर ली थी तैयारी**

श्री साव ने बताया कि, पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सरकार ने बहुत पहले से तैयारी शुरू कर दी थी। इस बार बहुत सारी चीजें हुई है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पालन में आरक्षण पद्धति बदली गई। पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया और उसकी रिपोर्ट के आधार पर ही आरक्षण हो रहा है। इसी प्रकार निकायों में महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से करने का निर्णय लिया गया है। इस बीच कई नए निकाय बने हैं। नगर पंचायतों को नगर पालिका बनाया गया हैं। इन सब की तैयारी में काफी समय लगा। डिप्टी सीएम श्री साव ने कहा कि, नगरीय निकायों में 7 जनवरी तक अध्यक्ष और महापौर पद के लिए आरक्षण निर्धारित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द से जल्द चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जैसे ही आरक्षण की प्रकिया समाप्त होगी, उसकी सूचना चुनाव आयोग को भेजी जाएगी और उसके बाद वे चुनाव के कार्यक्रम घोषित करेंगे।

- चुनाव की तैयारी कर ली है आयोग ने
- सरकार जल्द चुनाव कराने प्रतिबद्ध




### पंचायतों के आरक्षण 8 और 11 जनवरी को

इधर राज्य में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के लिए होने वाले चुनाव के लिए आरक्षण की समय सारणी में एक और बार बदलाव किया गया है। अब पंचायतों के वार्डों के लिए 8 जनवरी को आरक्षण किया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए 11 जनवरी को आरक्षण का दिन तय किया गया है। दोनों आरक्षण के लिए सूचना का प्रकाशन 3 जनवरी को होगा। राज्य शासन ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

### एक व्यक्ति दो वार्ड से नहीं लड़ सकता निगम चुनाव

राज्य में होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देश के मुताबिक और अधिनियम के हवाले से कहा गया है कि कोई व्यक्ति एक से अधिक वार्डो से पार्षद के स्थान के लिए अभ्यर्थी के रूप में खड़ा होने के लिये हकदार नहीं है। किन्तु छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 34 (4) के अनुसार कोई व्यक्ति महापौर या अध्यक्ष एवं पार्षद दोनों के लिए अभ्यर्थी हो सकता है। यह भी कहा गया है कि कोई व्यक्ति अधिकतम दो नामनिर्देशन-पत्र प्रस्तुत कर सकता है। इस संख्या से अधिक नामनिर्देशन-पत्र प्राप्त न किये जाएं।

### पंचायत चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पर रोक

राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान केन्द्र पर मतदान के सुचारू संचालन एवं गोपनीयता बनाये रखने की दृष्टि से जारी किए हैं। कोई भी व्यक्ति मोबाईल, कार्डलेस फोन. वायरलेस सेट एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस को मतदान केन्द्र के भीतर नहीं ले जा सकता। इसकी सख्त मनाही है। निर्वाचन कार्य से संबद्ध ऐसे अधिकारी जिन्हें मतदान केन्द्र में प्रवेश करने का प्राधिकार प्राप्त है, वे अधिकारी आवश्यक संचार व्यवस्था के तहत मोबाईल आदि अपने साथ रख सकेंगे किन्तु किसी भी दशा में मतदान केन्द्र के भीतर उपयोग नहीं करेंगे। पीठासीन अधिकारी निर्वाचन संबंधी सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए मोबाईल फोन का उपयोग कर सकेगा।

# मुंबई सहित लाल किला हमले के मास्टरमाइंड मक्की की पाक में मौत



एजेंसी ▶▶| लाहौर

मुंबई हमले के मास्टरमाइंड आतंकी अब्दुल रहमान मक्की की आज दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है। मक्की पिछले कुछ दिनों से बीमार था। हाई शुगर की वजह से लाहौर के एक प्राइवेट अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था जहां उसकी मौत हुई। अब्दुल मक्की आतंकी हाफिज सईद का रिश्तेदार और आतंकी संगठन जमात-उद-दावा का डिप्टी चीफ भी था। उसे 2020 में आतंकी फंडिग के लिए एक अदालत ने 6 महीने की सजा भी सुनाई थी। सजा के बाद उसने खुद को लो प्रोफाइल कर लिया था। बता दें कि वर्ष 2023 में संयुक्त राष्ट्र ने उसे ग्लोबल आतंकी घोषित किया था।

- लाल किले पर हमले में भी शामिल था, 2023 में ग्लोबल आतंकी घोषित हुआ

### कौन है अब्दुल रहमान मक्की?

अब्दुल रहमान मक्की को हाफिज अब्दुल रहमान मक्की के नाम से भी जाता है। उसका जन्म 1954 में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के बहावलपुर में हुआ था। मक्की लंबे समय से हाफिज सईद का करीबी रहा है। उसने लश्कर और जमात-उद-दावा में कई अहम पदों को संभाला है। मक्की पॉलिटिकल चीफ और लश्कर के लिए फंड जुटाने जैसे काम भी संभालता था। वो लश्कर की गवर्निंग बॉडी शूरा का मेंबर भी था।

### लाल किले व मुंबई हमले में अहम भूमिका

मक्की को 2000 में लाल किले और 2008 में मुंबई के ताज होटल पर आतंकी हमले के लिए भारतीय एजेंसियों ने उसे आरोपी माना था। अमेरिकी वित्त विभाग ने 2010 में उसे स्पेशल डेजिग्नेटेड आतंकियों की लिस्ट में शामिल किया था।

# नशे के कारोबार से करोड़पति बना सौदागर जबलपुर से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

20 साल से शहर को छोड़कर जबलपुर, महाराष्ट्र, दिल्ली से बिलासपुर व आसपास के अन्य जिलों में बड़ी खेप में नशीले इलेक्शन व टेबलेट की सप्लाई करने वाले फरार सरगना को सीएसपी की टीम ने जबलपुर में घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। नशे की काली कमाई से सरगना करोड़पति बन गया है।

- सिविल लाइन सीएसपी की टीम को मिली बड़ी सफलता

एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि पूर्व में सिविल लाइन पुलिस ने बंटी गहेरवार की पत्नी आकांक्षा गहेरवार व सरकण्डा पुलिस ने आरोपी पप्पू श्रीवास को ▶▶|शेष पेज 4 पर

### अवैध कमाई से बनाई करोड़ों की संपत्ति

पुलिस ने गोपनीय तरीके से पतासाजी की तो खुलासा हुआ आरोपी संजीव उर्फ सुच्चा सिंह छाबड़ा ने 20 साल में नागपुर मोढ़ा में 4 दुकान व जमीन की खरीदी की है, उसने दिल्ली के फरिदाबाद में अग्रवाल प्रापर्टी से जमीन का इकरारनामा किया है। इसी प्रकार जबलपुर परसवाडा 90 क्वार्टर में 3 जमीन की रजिस्ट्री कराई है। नशे के कारोबार से अर्जित की गई संपति की जानकारी एकत्रित कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस का दबाव बनने पर शहर छोड़कर भागा

आरोपी सुच्चा सिंह छाबड़ा वर्ष 2005 से शहर में नशे का कारोबार कर रहा था। वर्ष 2014 में तत्कालीन क्राइम ब्रांच ने उसे भारी मात्रा में नशे के सामान सहित पकड़कर सलाखों के पीछे डाल दिया था। पुलिस का दबाव बढ़ने पर वह शहर छोड़कर मध्य प्रदेश चला गया था।

### शेयर मार्केट में रकम लगाने पर फंसा

नशे के कारोबार से कमाई गई रकम को वह शेयर मार्केट में लगा रहा था। इससे पुलिस को उसके नागपुर में होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने नागपुर में दबिश दी तो वह भाग निकला था। सीएसपी श्री परिहार ने आसपास में पतासाजी की तो पता चला कि उसने जबलपुर में नया घर बना लिया है। पुलिस की टीम जबलपुर में मार्केटिंग वाले बनकर उसके घर पहुंची और उसे पकड़ लिया।

### बिल्डर बनकर काम कर रहा था

आरोपी संदीप उर्फ सुच्चा सिंह जबलपुर में रहकर लोगों की नजरों से बचने के लिए बिल्डर बनकर जमीन खरीदी बिक्री का काम कर रहा था। वहीं उसकी आड़ में वह बिलासपुर व आसपास के जिलों में बड़ी खेप में नशीले इंजेक्शन व टेबलेट की सप्लाई कर रहा था।

## नौकरी बचाने शिक्षकों ने मुंडाए सिर...



**रायपुर।** बीएड सहायक शिक्षकों का अपनी नौकरी बचाने के लिए नवा रायपुर के तूता में आंदोलन शुक्रवार को भी जारी रहा। इस दौरान बीएड सहायक शिक्षकों ने अपना मुंडन कराकर जमकर नारेबाजी की। इस मुंडन आंदोलन में महिला शिक्षकों ने भी अपने थोड़े बाल कटवाकर अपनी सहभागिता दिखाई।

## आयकर विभाग के बाद हुई ईडी की एंट्री

# धनकुबेर सौरभ के ग्वालियर और जबलपुर ठिकानों पर रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मध्य प्रदेश में आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के खिलाफ कार्रवाई में अब ईडी की एंट्री भी हो गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने सौरभ के भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर स्थित ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की। शुक्रवार (27 दिसंबर) को सुबह सूत्रों के मुताबिक, कार्रवाई के दौरान कई अहम दस्तावेज मिले हैं। सीआरपीएफ के जवानों की मौजूदगी में सर्चिंग जारी है। बता दें कि 23 दिसंबर को मामले में ईडी की एंट्री हुई थी। ईडी ने सौरभ और उसके सहयोगी ▶▶|शेष पेज 4 पर



### सिलसिलेवार जानिए पूरा मामला

लोकायुक्त ने 19 दिसंबर को आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के घर और दफ्तर पर छापामार कार्रवाई की थी। लोकायुक्त को 2.95 करोड़ कैश, दो क्विंटल वजनी चांदी की सिल्लियां, सोने-चांदी के जेवरात और कई प्रापर्टी के दस्तावेज मिले थे। मेंडोरी के जंगल में एक कार से 54 किलो सोना और 10 करोड़ कैश, नोट गिनने की 7 मशीनें, दो लग्जरी कारें और 2 करोड़ कीमत का सामान मिला है।

## 7 से 10 किलोग्राम तक का ही बैग ले जा सकते हैं यात्री

# फ्लाइट में यात्री अब एक हैंड बैग ही कैरी कर सकेगा, जारी हुई नई गाइडलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हवाई यात्रा करने वालों के लिए बड़ी खबर है। अब देश के हवाई यात्रियों के लिए हैंड बैग नियम लागू हो गया है। ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने हैंड बैगेज को लेकर नई गाइडलाइन जारी कर दी है। नए नियमों के मुताबिक, हर यात्री अब केवल एक हैंड बैग ही कैरी कर सकेगा। चाहे घरेलू उड़ान हो या अंतरराष्ट्रीय, यह नियम सभी पर लागू होगा। बीसीएएस का दावा है कि नए नियम से सुरक्षा जांच में तेजी आएगी। साथ ही सफर में यात्रियों को भी आराम मिलेगा।

नई गाइडलाइन्स के मुताबिक, इकॉनमी और प्रीमियम इकॉनमी यात्रियों के लिए हैंड बैग का वजन 7 किलोग्राम तक सीमित है। बिजनेस और फर्स्ट क्लास यात्रियों के लिए यह सीमा 10 किलोग्राम है। बैग का आकार 55 सेमी (ऊंचाई), 40 सेमी (लंबाई), और 20 सेमी (चौड़ाई) से ज्यादा नहीं होना चाहिए।

### पहले से बुकिंग वालों को दी राहत

बीसीएस ने कहा जिन पैसेंजर्स ने 4 मई 2024 से पहले अपनी टिकट बुक की है ऐसे यात्रियों के लिए इकॉनमी क्लास में 8 किलोग्राम, प्रीमियम इकॉनमी में 10 किलो, और फर्स्ट/बिजनेस क्लास में 12 किलो तक का हैंड बैगेज ले जाने की इजाजत होगी। हालांकि, अगर ऐसे पैसेंजर्स बुकिंग में कोई बदलाव किया गया तो ये छूट खत्म हो जाएगी।



### नए नियमों को नहीं मानने पर कार्रवाई

नए नियमों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई होगी। अगर हैंड बैगेज तय वजन या बैग का साइज तय सीमा से ज्यादा हुआ, तो एयरलाइन इसे चेक-इन बैगेज में बदलने के लिए कह सकती है। इसके लिए एयरलाइंस की ओर से एक्स्ट्रा चार्ज भी वसूल किया जा सकता है। नियमों का उल्लंघन करने पर एयरपोर्ट अथॉरिटी जुर्माना लगा सकती है।

### इंडिगो एयरलाइंस अपनी तरफ से दे रहा छूट

इंडिगो एयरलाइंस ने हालांकि, नए नियमों के बावजूद अपने कस्टमर्स को छूट दी है। इंडिगो से ट्रैवेल करने वाले यात्रियों को दो हैंड बैग ले जाने की इजाजत होगी। इनमें से एक का वजन 7 किलोग्राम से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही कोई एक दूसरा सामान जैसे पर्स या छोटा लैपटॉप बैग ले जाने की भी इजाजत होगी। हालांकि, दूसरे बैगेज का वजन 3 किलोग्राम से ज्यादा नहीं होना चाहिए।

# काजल की कोठरी में बेदाग रहे मनमोहन



व्यक्तित्व
राज कुमार सिंह

मनमोहन की मंशा पर संदेह और सवाल कभी उनके राजनीतिक विरोधियों ने भी नहीं उठाया। भारत सरीखे राजनीति-संवेदनशील देश में एक अर्थशास्त्री का वित्त मंत्री बनना एक आश्चर्यजनक घटना थी। तब देश की अर्थव्यवस्था अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रही थी और सोना तक गिरवी रखना पड़ा था, लेकिन कोई विश्वासपूर्वक नहीं कह सकता कि राजीव गांधी की हत्या के चलते प्रधानमंत्री बने पीवी नरसिम्हा राव ने वित्त मंत्री के लिए मनमोहन सिंह को ही क्यों चुना? कारण से इतर परिणाम को देखें तो इसमें दो राय नहीं कि मनमोहन भारत की अर्थव्यवस्था को संकट से निकाल कर ऐसी दिशा देने में सफल रहे, जो वैश्विक मंदी के झटके झेलने में भी कामयाब रही।

कभी गांव में मिट्टी के दीपक की रोशनी में पढ़ने वाले मनमोहन सिंह का देश का दीपक बनने तक का सफर इतना प्रेरक रहा कि आप उनके व्यक्तित्व के किसी भी पहलू से प्रेरणा ले सकते हैं। बेशक ऐसे गुदड़ी के लाल भारत में और भी हुए हैं, लेकिन मनमोहन सिंह ने अपने 92 साल के जीवन में इतनी भूमिकाएं सफलतापूर्वक निभायीं कि तय कर पाना मुश्किल हो जाता है कि उन्हें किस रूप में याद रखा जाये। पंजाब के गाह गांव में मिट्टी के दीये की रोशनी में शिक्षा के प्रति अपनी लगन से कैंब्रिज और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी तक पहुंचे छात्र के रूप में या पंजाब विश्वविद्यालय और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स के प्राध्यापक के रूप में; भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में सलाहकार के रूप में या भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में; देश के वित्त मंत्री के रूप में या फिर देश के अराजनीतिक प्रधानमंत्री के रूप में।

लोकतंत्र में असहमति की गुंजाइश तो रहनी ही चाहिए, पर मनमोहन की मंशा पर संदेह और सवाल कभी उनके राजनीतिक विरोधियों ने भी नहीं उठाया। भारत सरीखे राजनीति-संवेदनशील देश में एक अर्थशास्त्री का वित्त मंत्री बनना एक आश्चर्यजनक घटना थी। तब देश की अर्थव्यवस्था अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रही थी और सोना तक गिरवी रखना पड़ा था, लेकिन कोई विश्वासपूर्वक नहीं कह सकता कि राजीव गांधी की हत्या के चलते प्रधानमंत्री बने पीवी नरसिम्हा राव ने वित्त मंत्री के लिए मनमोहन सिंह को ही क्यों चुना? कारण से इतर परिणाम को देखें तो इसमें दो राय नहीं कि मनमोहन भारत की अर्थव्यवस्था को संकट से निकाल कर ऐसी दिशा देने में सफल रहे, जो वैश्विक मंदी के झटके झेलने में भी कामयाब रही।

बेशक आर्थिक उदारीकरण के फैसलों पर तब सवाल भी उठे थे। आज भी उसके परिणाम पूरी तरह निरापद नहीं माने जा सकते, लेकिन संकट के दोराहे या चौराहे पर आपको अपनी समझ से एक दिशा चुननी पड़ती है, जिसके सही या गलत होने का फैसला आने वाला समय ही कर सकता है। क्या भारत की अर्थव्यवस्था, खासकर घरेलू उद्योग-बाजार आर्थिक उदारीकरण और वैश्वीकरण के लिए पूरी तरह तैयार थे? यह सवाल तब भी पूछा गया था, जिसका संतोषजनक जवाब अभी तक नहीं मिल पाया। फिर भी आर्थिक उदारीकरण के बाद देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार बताती है कि उस समय वही सही विकल्प था। हां, देश की समृद्धि के साथ ही बढ़ती आर्थिक विषमता यह भी संकेत दे रही है कि उदारीकरण का स्वरूप और दिशा, भारत की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप संशोधित हो सकती थी। अभी भी हो सकती है, ताकि उदारीकरण और संपन्नता का लाभ देश की पूरी आबादी तक पहुंचे। जाहिर है, वित्त मंत्री बनने से भी ज्यादा चौंकाने वाला था मनमोहन सिंह का प्रधानमंत्री बनना। अटल बिहारी वाजपेयी सरीखे विराट जननेता की अगुवाई वाली राजग सरकार को अपदस्थ कर मतदाताओं ने 2004 में सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस और उसकी अगुवाई वाले संप्रग के पक्ष में जनादेश दिया। सोनिया गांधी के विदेशी मूल के मुद्दे पर 1999 में ही शरद पवार, पीए संगमा और तारिक अनवर कांग्रेस तोड़ कर अलग राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बना चुके



थे। ऐसे में जब 2004 का जनादेश आया तो सोनिया गांधी के विदेशी मूल का मुद्दा फिर राजनीतिक गलियारों और मीडिया में सतह पर आ गया। वास्तविक कारण तो सोनिया गांधी बेहतर जानती होंगी, लेकिन उन्होंने खुद प्रधानमंत्री बनने के बजाय मनमोहन सिंह की ताजपोशी कर देश ही नहीं, दुनिया को भी चौंका दिया। मनमोहन सिंह दो कार्यकाल पूरा करने वाले, जवाहर लाल नेहरू के बाद देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री के रूप में उनके दो कार्यकाल कैसे रहे, इसका आकलन न तो आसान है, और न ही निर्विवाद।

उन्होंने खुद भी कहा था कि शायद इतिहास उनका आकलन ज्यादा उदारता से करेगा, बजाय समकालीन मीडिया और विपक्ष के, खासकर संसद के अंदर रवैये के मद्देनजर। दरअसल मनमोहन सिंह एक गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे थे, जो उनकी अराजनीतिक पृष्ठभूमि के मद्देनजर बेहद जटिल काम था। उनके मंत्रिमंडल में कई सदस्य ऐसे थे, जो नेहरू-गांधी परिवार के विश्वस्त माने जाते थे। जाहिर है, मंत्रिमंडल के सदस्यों का चयन और विभागों का बंटबारा भी दस जनपथ से ही हुआ था। मनमोहन सिंह बस उसके मुखिया भर थे। फिर सोनिया गांधी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के रूप में एक व्यवस्थागत ढांचा ही बना दिया गया, उन्हें सलाह देने के लिए। थोड़ा असहज लग सकता है, पर सच यही है कि मनमोहन सिंह भारत के 14वें प्रधानमंत्री तो रहे, पर सत्ता के सूत्र पूरी तरह उनके नियंत्रण में नहीं थे। बाद में उन्हीं के मीडिया सलाहकार संजय बारू की द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर शीर्षक से एक संस्मरणात्मक पुस्तक आयी, और एक फिल्म भी बनी, जिसमें अनुपम खेर ने मनमोहन की भूमिका निभायी। थोड़ा और स्पष्ट करना हो तो राजनीतिक प्रबंधन और प्रभाव वाले निर्णय दस जनपथ से होते थे, पर जिम्मेदारी और जवाबदेही मनमोहन की। इसके बावजूद मनमोहन सिंह प्रधानमंत्रित्वकाल से देश की दशा और दिशा पर अपने निशान छोड़ने में सफल रहे।

अपनी मौन और विनम्र छवि के बावजूद मनमोहन ने कुछ मौकों पर ठोस स्टैंड लिया और अपने इरादों को अंजाम तक पहुंचाया। 2004 में पहली बार बनी संप्रग सरकार वाम मोर्चा के बाहरी समर्थन पर भी टिकी थी। परमाणु मुद्दे पर भारत के प्रति कुछ बड़े देशों का सौतेला व्यवहार समाप्त करने के लिए 2008 में जब अमेरिका से परमाणु संधि की बात आयी तो मनमोहन सरकार को भी दांव पर लगाने की सीमा तक चले गये। वाम मोर्चा ने समर्थन वापस ले लिया, पर सपा-बसपा के समर्थन से उसकी भरपाई कर ली गयी। उनके ऐसे दूरदर्शी निर्णय देश की विदेश नीति को भी सही दिशा देने वाले साबित हुए। मनमोहन सिंह की मंशा और व्यक्तिगत ईमानदारी पर संदेह और सवाल कभी नहीं उठा, लेकिन उनकी सरकार को भ्रष्ट सरकार बताया गया, क्योंकि उसी दौरान राष्ट्रमंडल खेलों से लेकर टूजी स्पेक्ट्रम और कोयला आवंटन तक कई घोटाले उजागर हुए।

जन लोकपाल के मुद्दे पर अन्ना हजारे का चर्चित आंदोलन भी हुआ, जिससे बने जनमत में 2014 में संप्रग सरकार सत्ता से बेदखल हो गयी और अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी बनाकर अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत कर ली। आप कह सकते हैं कि काजल की कोठरी में भी मनमोहन सिंह बेदाग ही रहे, पर मतदाताओं का विश्वास जीत कर कभी लोकसभा नहीं पहुंच पाये। वह बिना कोई चुनाव लड़े देश के शीर्ष पदों पर पहुंचे। डॉ. मनमोहन सिंह रिकॉर्ड 33 वर्ष तक राज्यसभा में सक्रिय सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभाते रहे। वर्ष-1991 में वह पहली बार राज्यसभा पहुंचे। उसके बाद 1995, 2001, 2007 और 2013 में फिर से राज्यसभा के लिए चुने गए। सन् 1998 से लेकर 2004 के बीच वह राज्यसभा में नेता विपक्ष भी रहे।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## चिंतन

# भारत में आर्थिक सुधारों के नायक मनमोहन सिंह

भारत के पहले अर्थशास्त्री से प्रधानमंत्री तक का सफर तय करने वाले डा. मनमोहन सिंह एक अच्छे अध्यापक, एक अच्छे सलाहकार, एक अच्छे गवर्नर, एक अच्छे वित्त मंत्री, एक अच्छे प्रधानमंत्री के साथ-साथ एक विजनरी व दृढ़ राजनेता, प्रशासक और सौम्य व्यक्तित्व के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अगर आजाद भारत के नव निर्माण की नींव रखी तो डा. मनमोहन सिंह ने विकसित भारत यात्रा की बुनियाद रखी। देश में आर्थिक सुधारों के जनक डा. मनमोहन सिंह का जाना भारत के लिए राष्ट्रीय क्षति है। पूर्व प्रधानमंत्री डा. सिंह को भारत को लाइसेंस राज से मुक्त कराने वाले और देश को उस स्थिति से उबारने वाले उद्धारक के रूप में याद किया जाएगा जब इसका स्वर्ण भंडार भी गिरवी रख दिया गया था। एक भविष्यदृष्टा राजनेता के तौर पर पहचान बनाने वाले डा. सिंह विकास के पथ पर अग्रसर भारत के शिल्पकार थे। कांग्रेस नेता के रूप में उन्होंने 2004-2014 तक 10 वर्षों के लिए देश का नेतृत्व किया और उससे पहले वित्त मंत्री के रूप में देश के आर्थिक ढांचे को तैयार करने में मदद की। वह वैश्विक स्तर पर वित्तीय और आर्थिक क्षेत्र की एक मशहूर शख्सियत थे। भारत में आर्थिक उदारीकरण के नायक डा. मनमोहन के कार्यकाल में ही सूचना का अधिकार (आरटीआई), शिक्षा का अधिकार (आरटीई), मनरेगा, 2008 की आर्थिक मंदी से भारत को बचाना, 3.69 करोड़ छोटे और सीमांत किसानों के करीब 72 हजार करोड़ रुपये के कर्ज़ की माफ़ी, वर्ष 2013 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत भोजन का अधिकार, जिसमें 81.35 करोड़ लोग कवर हैं जैसे युग परिवर्तनकारी फैसले हुए। 2008 में भारत और अमेरिका के बीच परमाणु सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत भारत को अपनी ऊर्जा ज़रूरतों को पूरा करने के लिए परमाणु तकनीक और ईंधन मिलने का रास्ता खुल गया। परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) ने भारत को एक विशेष छूट दी। इस छूट की मदद से भारत ने फ्रांस, रूस, कनाडा, जापान और कोरिया समेत दर्जनभर से ज्यादा देशों के साथ शांतिपूर्ण उपयोग के लिए परमाणु समझौतों पर हस्ताक्षर किए। डील का ही असर है कि वर्ष 2022 में 22 परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों की मदद से देश की स्थापित परमाणु ऊर्जा क्षमता 6 हजार 780 मेगावॉट तक पहुंच गई थी। मनरेगा को मजबूती देकर सरकार फ्रीबिज (रेवड़ी कल्चर) को खत्म कर सकती है, खाद्य सुरक्षा के तहत मुफ्त अनाज योजना को भी मनरेगा से जोड़ा जा सकता है। मौजूदा भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्किटेक्ट मनमोहन सिंह ने अभावों के बीच अपने जीवन की शुरुआत की थी, पर कठिन परिश्रम के दम पर प्रधानमंत्री तक का सफर तय किया। वे एक अनिच्छुक राजनेता थे, जिन्हें मुख्यधारा की उबड़-खाबड़ राजनीति रास नहीं आती थी। सोनिया गांधी ने अपनी पार्टी के अनुरोध के बावजूद देश में विदेशी मूल के मुद्दे पर हो रहे विरोध के चलते प्रधानमंत्री पद स्वीकार करने से इनकार कर दिया था और जब उन्होंने इस शीर्ष पद के लिए मनमोहन सिंह को चुना तो हर किसी को बहुत हैरानी हुई थी। राजनेता के रूप में डा. सिंह का संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के सहयोगियों के साथ भी संतुलित दृष्टिकोण रहा। कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के कई मंत्रियों पर करप्शन के आरोप लगे, पर डा. मनमोहन सिंह हमेशा बेदाग रहे। विकास को हरित लक्ष्य से जोड़ने वाले डा. सिंह ने आरोपों के बावजूद सदैव अपनी और अपने पद की गरिमा बनाए रखी। दिवंगत डा. सिंह को विनम्र श्रद्धांजलि।

श्रद्धांजलि
डॉ. रमेश ठाकुर



# आर्थिक जगत के विलक्षण वास्तुकार थे डॉक्टर साहब

बानवे वर्ष में डॉ. मनमोहन सिंह ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनका संपूर्ण मौन व्यक्तित्व ऐसा रहा जिससे देश भी कई मर्तबा अधीर होकर उठ खड़ा हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को न सिर्फ भारत ने, बल्कि विश्व बिरादरी ने अपना सगा अर्थ-व्यवस्था का विलक्षण कोहिनूर समान वास्तुकार खो दिया। पूरे संसार की आंखें उनके निधन से नम हैं। दो दफा प्रधानमंत्री के रूप में डॉक्टर साहब ने 5 ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए जिन्हें मौजूदा क्या, आने वाली पीढ़ियां भी स्मरण करती रहेंगी। 2005 में 'सूचना का अधिकार' और 'मनरेगा कानून' को लागू करना। फिर 2009 में 'शिक्षा का अधिकार कानून'। वहीं, 2013 में दो बड़े फैसले 'राष्ट्रीय खाद सुरक्षा कानून' और 'भूमि अधिग्रहण कानून' पर अंतिम निर्णय लेने को भारतवासी सदैव याद करेंगे। डॉ. सिंह को अर्थव्यवस्था का सूत्रधार कहा गया। आर्थिक उदारीकरण और आर्थिक सर्वेक्षणों में सुधार के लिए उनकी एकाग्रता के सभी काबिल रहे। यूपीए सरकार के दूसरे टर्म में जब प्रधानमंत्री बनाने की बात हुई, तो प्रणब मुखर्जी का नाम सबसे तेज दौड़ा। पर, प्रणब मुखर्जी ने खुद आगे बढ़कर सोनिया गांधी और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से गुहार लगाई कि देश की अर्थव्यवस्था जिस लिहाज से आगे बढ़ रही है, उसे डॉ. मनमोहन सिंह से बेहतर दूसरा कोई गति नहीं दे सकता। इसलिए वो गति निरंतर रहे, दोबारा से डॉक्टर साहब को ही कमान सौंपी जाए। उनके कहने के बाद ही यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने दोबारा डॉ. सिंह के नाम पर मुहर लगवाई। 1991 में वित्तमंत्री रहते उन्होंने जब देश की गड़बड़ अर्थव्यवस्था को संभाला था, तब स्वंय अटल बिहारी वाजपेयी ने उनकी तारीफ की थी। अपने वित्तमंत्री कार्यकाल के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने भी डॉ. सिंह के फैसलों को सराहा था। दरअसल वो ऐसा दौर था जब दशकों से बंद पड़ी भारतीय अर्थव्यवस्था के दरवाजों को खोलने की शुरुआत मनमोहन सिंह द्वारा की गई थी। वित्तमंत्री रहते लाइसेंस राज को खत्म करने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। उन्होंने सबसे पहले विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने का काम किया और भारत के भीतर विदेशी कारोबार को अपने अर्थ स्टाइल से आकर्षित करवाया। तभी से भारत में बाहरी कंपनियों के आगमन की शुरुआत हुई। ये काम उन्होंने बिना ढोल बजाए किया। न प्रचार किया और शोर-शराबा। जबकि, उनके चुप रहने और शांत भाव की 'मौनता' पर विभिन्न सियासी दलों ने हमेशा असहनीय और अखरने वाली तल्ख टिप्पणियां की। पर, उन्होंने कभी किसी को पलट कर कोई कड़वा जवाब नहीं दिया। उन्होंने व्यक्तिगत रिश्तों के मापदंडों को सियासत से सदैव उपर रखा। हालांकि, बीते एकाध दशक से उन पर ज्यादा ही कटाक्ष होने लगे, तो उनके भीतर का शांत शायर जाग उठा। तब, उन्होंने अपने सियासी विरोधियों को अपने दो शेर के जरिए जवाब दिया। उन शेर को लोग आज उनके न रहने पर खूब गुनगुना और याद कर रहे हैं। उनका पहला शेर था 'माना तेरे दीद के काबिल नहीं हूं मैं, तू मेरा शौक देख, मेरा इंतज़ार देख'। और दूसरा शेर 'हजारों जवाबों से अच्छी मेरी खामोशी, न जाने कितने सवालों की आबरू रखी', था। ये दोनों शेर हमेशा चर्चाओं में रहे। गौरतलब है कि अर्थव्यवस्था के अलावा डॉक्टर मनमोहन सिंह को उच्च शिक्षा में अमूलचूक परिवर्तन और बड़ा सुधारक भी माना गया। एक मर्तबा खुद उन्होंने स्वीकारा था कि विश्व के उच्च शिक्षा संस्थान में पढ़ने के बाद ही उन्होंने देश में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को संभालने का अवसर मिला। इसलिए वह उच्च शिक्षा के सदैव पक्षधर रहे। प्रत्येक निर्णयों में उनका धैर्य, संयम और उदारता देखने लायक होती थी। प्रेशर में आकर या जल्दबाजी में उन्होंने कभी कोई निर्णय नहीं लिया। 2005 में मनरेगा का जब फाइनल ड्राफ्ट तैयार होकर उनके समक्ष प्रस्तुत किया गया, तो उसमें उन्होंने बदलाव करने को कहा, जिसको लेकर उन्होंने सोनिया गांधी की नाराजगी भी सही। लेकिन बाद में हुआ वही जो मनमोहन सिंह ने चाहा। मनमोहन सिंह सरकार में अरुणा राय उनकी सलाहकार थी, जिन्होंने ही मनरेगा में महत्वपूर्ण बदलाव के सुझाव दिए थे, उनकी राय पर ही डॉक्टर साहब ने रोजगार गारंटी अधिनियम कानून लागू किया गया। उसमें अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज की भी महत्वपूर्ण भूमिका थी। मनमोहन सिंह का व्यक्तित्व निःसंदेह करिश्माई था। वैश्वीकरण, उदारीकरण और निजीकरण के तीनों संस्करणों में उन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान दिया, जिसे देश कभी नहीं भूलेगा। डॉ. मनमोहन सिंह देश के बेशकीमती हीरे ही नहीं, बल्कि धरोहर जैसे थे। उनके योगदान के किस्से आने वाली पीढ़ियां सुनती और पढ़ती रहेंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मस्तिष्क को जैसा चिंतन देंगे वैसा ही वह सोचेगा



श्रीराम शर्मा

दर्शन

क्या आप अत्यधिक चिंतनशील प्रकृति के हैं? सारे दिन अपनी बाबत कुछ न कुछ गंभीरता से सोचा ही करते हैं? आप अपने मस्तिष्क को सारे दिन विशेषतः रात में किसी भी चिंतन की क्रिया में डाल देते हैं। जैसे गाड़ी का पहिया किसी लीक में पड़ कर आगे निरंतर उसी दिशा में बढ़ता रहता है, उसी प्रकार मस्तिष्क को चिंतन की किसी भी समस्या में उसको लगा देने से वह उसी में फंसा रहता है। वह खुद रुकता नहीं, बल्कि चिंतन के प्रवाह में आगे बढ़ता रहता है। मस्तिष्क तो चिंतन का एक यंत्र है। उसका कार्य चिंतन करना ही है। यदि आप उसे कोई अच्छी या बुरी समस्या दिए रहेंगे, तो निश्चय जानिए वह उसी समस्या के उखाड़-पछाड़ में संलग्न रहेगा। वह विश्राम की परवाह न कर बौद्धिक चिंतन ही किए जाएगा। आधुनिक मनोविज्ञान वेत्ताओं की नई खोज यह है कि अधिक बौद्धिक चिंतन मनुष्य के शरीर के लिए हानिकारक है। जो जितना अधिक मानसिक चिंतन करता है, उसका शरीर उतना ही क्षीण होता जाता है। भूख नष्ट हो जाती है। भोजन में कोई भी रुचि नहीं रह जाती। रक्तचाप, व्रण, हृदय रोग, सिर दर्द आदि उभर उठते हैं। चिंतनशील व्यक्ति प्रायः भयभीत से, शंकालु से और भविष्य के लिए चिंतित रहते हैं। गुप्त मन में बैठा हुआ उनका भय ही उन्हें खाया करता है। आप बौद्धिक चिंतन या मानसिक श्रम करने वालों के स्वास्थ्य को देखिए। वे पहले दुबले रहते हैं तो भी शरीर पर मांस नहीं बढ़ता। उनकी हडियां ही हड्डियां चमका करती हैं।

## विनम्रता, प्रेम और मधुर भाषा ही आध्यात्मिकता की पाठशाला




बाबा हरदेव

प्रेरणा

भक्तिपूर्ण विचार ही सत्संग में रख सकते हैं। विनम्र भाव, प्रेम भाव व मधुर भाषा का प्रयोग करें। यह आध्यात्मिकता की पाठशाला है। महिलाओं के साथ यदि छोटे बच्चे हों तो संगत में पीछे ही बैठें ताकि किसी को असुविधा न हो। सत्संग में आपस में बात न करें। अगर जरूरी हो तो संगत से बाहर जाकर बात करें। सत्संग में आकर आनंद लें, ये आपका अधिकार है। एक आदमी ने पांच लोगों से कहा आप सोचकर बताएं कि अगर डाक्टर ये बता दे कि आपकी मौत तीन महीने बाद हो जाएगी, तो आप उन तीन महीनों में क्या करोगे? सभी ने अपनी राय व्यक्त की मगर एक आदमी बोला तो मैं तीन महीने में अपने मालिक प्रभु के दर्शन करूंगा। बेहद प्रेम करूंगा, हृदय से भक्ति करूंगा, संतों की बहुत सेवा करूंगा और तीन महीने तक सत्संग करूंगा। तू ही निरंकार, मैं तेरी शरण हां, मैंनू बख्श लो का सुमिरन तो हृदय से इतना करूंगा कि जब तक मेरे प्राण न निकल जाएं, तब तक अपने मालिक प्रभु के चरणों में जुड़ा रहे। संगत मां से प्रार्थना करूंगा कि हे संगत मां, तेरा साथ आखिरी सांस तक बना रहे। आप साध संगत हैं, आपका कहना तो सद्गुरु भी नहीं टालते हैं। मैं यही मांगता हूं कि जब-जब दुनिया में आऊं, तब-तब तेरी संगत मुझे मिलती रहे। यही वरदान चाहता हूं। सत्संग से आनंद मिलता है, प्रभु का प्यार मिलता है। प्रेमा भक्ति मिलती है। हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहि सुनि बहु विधि संता। परमात्मा की कथा सरोवर है। इसकी महिमा अपरंपार है। परमात्मा की चर्चा करने से शांति व ठंडक मिलती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**कार्यस्थल पर लैंगिक असमानता की चुनौती**

भारतीय समाज में कार्यरत महिलाएं आज एक अभूतपूर्व संघर्ष का सामना कर रही हैं। एक ऐसी व्यवस्था में जहां पारंपरिक और आधुनिक मूल्य लगातार टकरा रहे हैं, इन महिलाओं को पेशेवर सफलता और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच एक असंभव संतुलन बनाने की चुनौती दी जा रही है। आज के आधुनिक समाज में, कार्यरत महिलाएं देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। हालांकि, उनके सामने कई स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां हैं जो उनके मानसिक, शारीरिक और सामाजिक कल्याण को प्रभावित करती हैं। कार्यस्थल और घरेलू जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखना महिलाओं के लिए एक बड़ी मानसिक चुनौती है। **-सुनिधि मिश्रा**, कोरबा

## ट्रेंड

### पुष्पांजलि अर्पित



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी को पुष्पांजलि अर्पित की। एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह जी को वित्त और सार्वजनिक नीति के उनके विशाल ज्ञान के लिए हमेशा याद किया जाएगा।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### अपूरणीय क्षति



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी का निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनकी विद्वता और सादगी के गुणों को शब्दों में पिरोना असंभव है। ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम नई दिल्ली

### बच्चे रामायण-गीता पढ़ें



अपने बच्चों को रामायण-गीता-महाभारत अवश्य पढ़ाइए। योगेश्वर कृष्ण देवत्व की सर्वाधिक सुलभ व सरस अवधारणा के अद्वितीय प्रतीक हैं। उन्हें दो युगों में हमारी दो अलग-अलग माताओं ने प्रेम किया और दोनों केवल उस प्रेम की आभा से अनंत काल के लिए अमर भी हो गयीं।
-कुमार विश्वास, कवि

### क्रोध सबसे बुरी भावना




क्रोध आपके द्वारा महसूस की जाने वाली सबसे बुरी भावना है। आपको पता नहीं है कि यह वास्तव में कहां से आता है, और यह खुद को अप्रत्याशित तरीकों से व्यक्त करेगा। एक बूमरैंग की तरह यह आपकी ओर ही पलट जाता है।
-शेखर कपूर, फिल्मकार

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# यूक्रेन की तरह मोलदोवा पर हमले की योजना बना रहा रूस



रूस और यूक्रेन के बीच जंग को अब तीन साल होने वाले हैं। कई पश्चिमी देशों का अंदाजा है कि इस युद्ध के इतना लंबा खिंचने की वजह रूस की कमजोर पड़ती ताकत है। हालांकि, मैदान पर रूस ने इन कयासों को किनारे लगाते हुए यूक्रेन पर ड्रोन्स, बैलिस्टिक मिसाइल से लेकर क्रूज मिसाइलों तक से हमला बोला है और उसके बड़े क्षेत्र पर कब्जा करने में सफलता हासिल की है। इस बीच अब रूस की तरफ से पश्चिम में एक और देश के खिलाफ मोर्चा खोले जाने का खतरा उभर रहा है। यह है एक छोटा देश मालदोवा, जिस पर रूस ने सैन्य अभियान की साजिश रचने के आरोप लगाए हैं और धमकियां दी हैं। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर रूस ने मालदोवा पर किस तरह की साजिश के आरोप लगाए हैं? पुतिन शासन से मोलदोवा को किस तरह का खतरा है? दुनिया में रूस की धमकियों को लेकर डर का माहौल क्यों है? और पुतिन के अगले कदम क्या हो सकते हैं? रूस की खुफिया एजेंसियों ने आरोप लगाया है कि मालदोवा की राष्ट्रपति माइआ सैंडू यूक्रेन की सीमा के नजदीक ट्रांसनिस्ट्रिया में एक सैन्य अभियान चलाने की योजना बना रही हैं। इन एजेंसियों ने अनुमान लगाया है कि मोलदोवा का यह अभियान युद्ध में भी बदल सकता है।

## ऑफ बीट

# धार्मिक-आध्यात्मिक जागरण का महापर्व कुंभ मेला



महाकुंभ का यह मेला हर 12 वर्ष में ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार चार पवित्र स्थलों हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज में से किसी एक स्थान पर आयोजित होता है। मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान अमृत की बूंदें इन चार स्थानों पर गिरी थीं, जिससे इन स्थलों की पवित्रता बढ़ गई। 2025 में यह महाकुंभ मेला प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ आयोजित किया जा रहा है। महाकुंभ विश्व के सबसे बड़े धार्मिक-आध्यात्मिक समागम के रूप में सुप्रतिष्ठित है। कुंभ मेला सनातन भारतीय आस्था, संस्कृति और परंपराओं का अद्भुत संगम है। महाकुंभ भारतीय संस्कृति का एक अद्भुत आध्यात्मिक आयोजन है। भारतीय समाज की दृढ़ आस्था है कि संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाने से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं। यह स्नान न केवल आत्मा की शुद्धि का प्रतीक है, बल्कि इसे मोक्ष प्राप्ति का मार्ग भी माना जाता है। यह मेला हर 12 वर्ष में ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार चार पवित्र स्थलों हरिद्वार, उज्जैन, नासिक और प्रयागराज में से किसी एक स्थान पर आयोजित होता है। मान्यता है कि समुद्र मंथन के दौरान अमृत की बूंदें इन चार स्थानों पर गिरी थीं, जिससे इन स्थलों की पवित्रता बढ़ गई।







# बुलेटिन में 'डॉक्टर' पर मारते थे जोक : वीर दास

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर देश के कई सिलेब्स उन्हें श्रद्धांजलि दे चुके हैं। अब वीर दास ने एक्स पर पोस्ट लिखा है, जिसमें दिवंगत प्रधानमंत्री की विशेषताएं याद की हैं। वीर दास ने वो वक्त याद किया जब वह खुद उनका मजाक उड़ाते थे। साथ ही लिखा है कि आज के वक्त में ऐसा कर पाना मुश्किल है। वीर दास ने पोस्ट में लिखा है कि जो राजनेता अपने बारे में मजाक को हंसकर सुन लेता है, वह वाकई पावरफुल होता है। मुझे पर्सनली याद है कि जब 20 साल का था तब सीएनबीसी के प्राइम बुलेटिन में उनका मजाक उड़ाता था और हमारी टीम को पूरी तरह से पता था कि उनकी टीम हमें देख रही है और हमें इससे फर्क भी नहीं पड़ रहा था।

## लाइफ Style

# पायल



समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' ओटीटी पर रिलीज होने के लिए तैयार है। पायल कपाड़िया द्वारा निर्देशित पुरस्कार विजेता ड्रामा का प्रीमियर जनवरी में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगा। फिल्म मुंबई में दो मलयाली नर्सों के आपस में जुड़े जीवन को दर्शाती है।

## 'ऑल वी ...' के लिए जाहिर की खुशी

एजेंसी ⏭ मुंबई

शुक्रवार को डिज्नी प्लस हॉटस्टार के आधिकारिक हैंडल पर एक पोस्ट साझा की गई, जिसमें घोषणा की गई कि ऑल वी इमेजिन एज लाइट 3 जनवरी से इस पर स्ट्रीम होना शुरू हो जाएगी। कैप्शन में लिखा गया है, 'फेस्टिवल डी कान्स ग्रैंड प्रिक्स विजेता 2024 और 2 गोल्डन ग्लोब नामांकन के साथ पायल कपाड़िया की फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' 3 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। एक ऐसी फिल्म, जिसे आप मिस नहीं कर सकते।' स्ट्रीमिंग रिलीज के बारे में बात करते हुए निर्देशक पायल कपाड़िया ने कहा, 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट को आप सभी से मिले प्यार से मैं रोमांचित हूं।

एक सफल नाट्य प्रदर्शन के बाद मुझे खुशी है कि अब यह डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देखने के लिए उपलब्ध होगा। मैं अब इसे व्यापक दर्शकों के साथ साझा करने के लिए बहुत उत्साहित हूं।' कनी कुसरुति ने फिल्म में प्रभा की भूमिका निभाई है, उन्होंने कहा, 'जब मैंने पटकथा पढ़ी तो मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात प्रभा की गहन आत्म-खोज और शांत परिवर्तन था।' उन्होंने आगे कहा, 'पायल के साथ काम करना एक सुखद अनुभव था। वह एक ऐसा कार्यस्थल बनाती है, जहां हर कोई आगे बढ़ सकता है, साथ ही वह ध्यान से सुनती है और हमें अपने किरदार को ध्यान से समझने में मदद करती है।' ऑल वी इमेजिन एज लाइट ने 30 वर्षों में कान फिल्म महोत्सव में मुख्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाली पहली भारतीय फिल्म के रूप में इतिहास रच दिया, जहां इसे ग्रांड प्रिक्स से सम्मानित किया गया।

# एक मिलियन-डॉलर की बिखेरती मुस्कान



**मुंबई।** परिणीति चोपड़ा ने अपने आगामी प्रोजेक्ट के सेट से कुछ बिहाइंड द सीन शेयर करने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया। पहली तस्वीर में परिणीति नीली शर्ट और जींस में नज़र आ रही हैं और उनके हाथ में एक छोटा पंखा है। अभिनेत्री ने अपना चेहरा सफेद कपड़े से ढका हुआ है। दूसरी तस्वीर में परिणीति अपनी टीम के साथ पोज देते हुए एक मिलियन-डॉलर की मुस्कान बिखेरती नजर आ रही हैं। उन्होंने मैरून स्वेटर पहना हुआ है जिस पर सफेद दिल बने हुए हैं। तीसरी तस्वीर में परिणीति किसी कैंप में रजाई में लिपटी नजर आ रही हैं। चौथी तस्वीर में टेबल पर रखे खाने की झलक है। पांचवीं तस्वीर में परिणीति अपने पति राघव चड्ढा से वीडियो कॉल पर बात करती हुई नजर आ रही हैं। इसके अलावा परिणीति ने कई वीडियोज भी शेयर किए हैं। परिणीति ने इस तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा है जिससे पता चलता है कि वह इन दिनों अपनी फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। अमर सिंह चमकीला की अभिनेत्री नाइट शिफ्ट में थीं, मसालेदार खाना खाती थीं और करीब 20 फ्लाइट्स में सफर करती थीं।

# मनमोहन सिंह का रोल निभाने से किया था मना



**नई दिल्ली।** 2019 में फिल्म 'द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर' रिलीज हुई। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का किरदार अनुपम खेर ने निभाया था। पूर्व पीएम के निधन पर खेर दुखी हैं। अपना दुख उन्होंने एक वीडियो संदेश के माध्यम से शेयर किया। उन्हें विनम्र अर्थशास्त्री और ईमानदार व्यक्ति बताया। शेयर किए गए वीडियो में एक्टर कहते नजर आ अभी देश से बाहर हूं और मुझे यह दुखद खबर मिली। मैंने उनके जीवन के साथ लगभग डेढ़ साल गुजारा है, जब कोई अभिनेता किसी किरदार को निभाता है तो उस शख्स के बाहरी चीजों को लेकर तो अध्ययन करता ही है, साथ ही वह उस शख्स के अंदर भी झांकता है। मनमोहन सिंह एक कमाल की शख्सियत थे।' खेर ने आगे बताया, 'मैंने कुछ वजहों से यह फिल्म करने से पहले मना कर दिया था। इसमें राजनीतिक वजह भी शामिल थे। मुझे लगा था कि लोग यह समझेंगे कि मैंने यह फिल्म उनका मजाक उड़ाने के लिए की है, ऐसा कुछ लोगों ने कहा भी। मगर अगर मुझे अपनी जिंदगी में 3 या 4 शानदार किरदारों को चुनने के लिए कहा जाए तो उनमें से एक मनमोहन सिंह जी का किरदार होगा।'

## टीवी मसाला


# कलर्स ने 2024 में सशक्त महिलाओं और अजेय नवाचार पर डाला प्रकाश





**मुंबई।** 2024 कलर्स के लिए साहसिक कदमों और यादगार पलों का साल रहा है, जहां महिलाओं ने न केवल भूमिकाओं को निभाया है, बल्कि उसे जिया भी है। इस साल जो बात सबसे अलग रही, वह थी प्रमुख महिला किरदार जिन्होंने बाधाओं को तोड़ा। रूढ़िवादी सोच को नकारा और बेबाक दृढ़ता दिखाई। मंगल के अपनी बहन लक्ष्मी की रक्षा करने के अडिग दृढ़ संकल्प से लेकर दुर्गा के सामाजिक उम्मीदों के बंधनों को तोड़ने तक, कलर्स ने हमारे लिए ऐसे महिला करदारों को पेश किया है। जिन्होंने मजबूत होने की नई परिभाषाएं गढ़ी हैं। दुर्गा की घोषणा, 'मेरे पास अधिकार है' दर्शकों के कानों में गूंजी, क्योंकि उसने सुनिश्चित किया कि उसकी आवाज सुनी जाए। चाहे प्यार को लेकर बुलबुल का भयंकर संघर्ष हो या ताकत के खेल में सुमन का साहस, ये महिलाएं सिर्फ किरदार नहीं थीं- वे प्रतीक थीं। जबकि मेघा, परणीत और कृष्णा जैसे किरदारों की क्षमता ने आज की कहानियों में नारी शक्ति की गहराई और विवधता के बारे में बहुत कुछ कहा, कलर्स की कहानियों ने हमें दयालु, मिश्री, साहस की किरण मेघा, और अपने पिता के सपने को साकार करने वाली अपोलीना भी दी। यह साबित करते हुए कि धीरज के कई रूप होते हैं। लेकिन इतना ही नहीं, कलर्स ने सिर्फ दमदार ड्रामा ही नहीं दिखाया। इसने टेलीविजन में सबसे इनोवेटिव कॉन्टेंट भी पेश किया। जैसे कि होमग्रोन सेलिब्रिटी आधारित डिनरटेनमेंट शो – लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट, बिगबॉस और खतरों के खिलाड़ी जैसे मनमोहक रियलिटी शो से लेकर, एक अनोखे स्पेस ड्रामा, अपोलीना के डेब्यू तक, चैलन ने हर तरह से नई सीमाओं को गढ़ा। अगर 2024 मनोरंजन की नई परिभाषाएं लिखने का साल था, तो कलर्स ने इसे स्टाइल, सब्सटेंस और, जाहिर है, पूरे दिल से किया। यहां उन लाजवाब महिलाओं के बारे में बताया गया है, जिन्होंने इस साल का नेतृत्व किया और गेमचेंजिंग कहानियों ने इस साल को वाकई यादगार बना दिया।

# सिनेमाघरों में दोबारा धमाल मचाएगी 'ये जवानी है दीवानी'



**नई दिल्ली।** इस महीने की शुरुआत में करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने 'ये जवानी है दीवानी' के बारे में एक सस्पेंस के साथ शेयर की थी, जिससे प्रशंसक इसके संभावित सीक्वल के बारे में अटकलें लगा रहे थे। निर्माताओं ने शुक्रवार को फिल्म का पोस्टर साझा कर इसकी री-रिलीज का ऐलान किया। पीवीआर आईनॉक्स बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक 'ये जवानी है दीवानी' को 3 जनवरी, 2025 को 46 शहरों के 140 पीवीआर आईनॉक्स सिनेमाघरों में वापस ला रहा है। यह धर्मा प्रोडक्शंस की 'कल हो ना हो' की सफल री-रिलीज के बाद हो रहा है। इसके अलावा, 2024 में, तुम्बाड, वीर जारा और रहना है तेरे दिल में जैसी कई फिल्में सिनेमाघरों में फिर से रिलीज हुईं और फिल्म देखने वाले इन फिल्मों का जादू एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखने के लिए सिनेमाघरों में उमड़ पड़े। निर्माता करण जौहर ने 'ये जवानी है दीवानी' की री-रिलीज पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'ये जवानी है दीवानी धर्मा प्रोडक्शंस के दिल में एक खास जगह रखती है।

# अल्लू अर्जुन से तुलना अमिताभ को नहीं आई रास



**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन ने 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के हालिया एपिसोड में अपने एक बयान से हर किसी का ध्यान आकर्षित किया। दिग्गज अभिनेता ने कहा कि वह 'पुष्पा 2' अभिनेता अल्लू अर्जुन के प्रशंसक हैं। उन्होंने साउथ स्टार और उनके काम की सराहना भी की। हालांकि, जब शो की एक प्रतियोगी ने उनके स्वैग की तुलना अल्लू अर्जुन से की तो वह उन्हें रास नहीं आई। अमिताभ बच्चन ने तुरंत उनकी तुलना साउथ स्टार से न करने को कहा। इस बातचीत की शुरुआत तब हुई जब एक प्रतियोगी ने कहा कि वह अमिताभ बच्चन और अल्लू अर्जुन की बड़ी प्रशंसक हैं। इसके बाद अमिताभ ने प्रतियोगी से अल्लू अर्जुन के प्रति उनके लगाव के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने कहा, 'सर, मैं अल्लू अर्जुन और आप दोनों की प्रशंसक हूं।' अमिताभ ने कहा, 'अल्लू अर्जुन एक अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली कलाकार हैं और उन्हें जो पहचान मिली है, वह इसके योग्य है। मैं भी उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।' 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के होस्ट ने अपनी बात में आगे जोड़ा, 'हाल ही में उनकी फिल्म (पुष्पा 2: द रूल) रिलीज हुई है और अगर आपने अभी तक इसे नहीं देखा है तो आपको इसे देखना चाहिए। लेकिन मेरी तुलना उनसे मत करिए।' प्रशंसक ने आगे कहा, 'जब आप कॉमेडी सीन करते हैं तो आप दोनों अपना कॉलर काटते हैं और आंखें झपकाते हैं।

आप दोनों के बीच एक और समानता है-आप दोनों की आवाज में एक ताकत है। आपसे मिलकर मेरा सपना पूरा हो गया। अब मुझे बस अल्लू अर्जुन से मिलना है।'

SBI Life
Apne liye. Apno ke liye.

सूचना

**एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (एसबीआई लाइफ) जगदलपुर शहर** में अपनी शाखा के लिए नये व्यवसायिक परिसरों को पट्टाकृत आधार पर ऐसे मकान मालिकों से बोली आमंत्रित करता है जो निम्न वर्णित आहर्ताएं रखता है

1. परिसर सभी तरह के भारों से मुक्त हो और तत्काल उपलब्ध कराया जाने योग्य हो।
2. परिसर केवल व्यवसायिक उपयोग हेतु अनुमत होना आवश्यक है जिसमें व्यवसायिक बिजली कनेक्शन व सभी आधारभूत सुविधाएं यथा अग्निरोधी आनापत्ती प्रमाणपत्र, व्यवसाय प्रमाणपत्र, भवन इन्स्योरेंस, साइनेज लगाने के लिए जगह, आधुनिक अग्निशमन उपकरण, पर्याप्त पार्किंग, सतत बिजली, पानी आदि उपलब्ध होना आवश्यक है।
3. **जगदलपुर शहर** और आसपास के क्षेत्र के परिसर को प्राथमिकता दी जाएगी।
4. परिसर का कारपेट एरिया **2800 वर्ग फुट** होना चाहिए।

इच्छुक भवन स्वामी कंपनी की वेबसाइट **www.sbilife.co.in** ((https://www.sbilife.co.in/en/services/download-centre- RFP forms) से फॉर्म को डाउनलोड करके उसमें वांछित तकनीकी एवं मूल्य राशि की बोलियाँ व अन्य जानकारियाँ भरकर अलग अलग लिफाफों में बंद कर **"क्षेत्रीय निदेशक, भोपाल, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी मर्यादित, प्लॉट नंबर 8, रणजीत टावर, द्वितीय तल, एम. पी. नगर, भोपाल (मध्य प्रदेश) पिन: 462011,** दूरभाष नंबर 0755-4031800 को **दिनांक 11 जनवरी 2025** तक भिजवा दें।

एसबीआई लाइफ किसी भी प्रस्ताव को बिना कारण बताए पूर्णतया अथवा उसके किसी भी भाग को स्वीकार/अस्वीकार कर सकती है

**दिनांक : 28 दिसंबर 2024** **स्थान : जगदलपुर**

ऊपर दर्शाया गया ट्रेड लोगो भारतीय स्टेट बैंक का है जिसे एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लाइसेन्स के अधीन उपयोग करती है। कंपनी का प्रधान कार्यालय "नटराज", एम वी रोड वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे जंक्शन, अंधेरी (पूर्व), मुंबई – 400069 है जिसका पंजीयन विवरण निम्नानुसार है। IRDAI Regn. No.111. CIN: L99999MH2000PLC129113, Website: www.sbilife.co.in, Email: info@sbilife.co.in



## जैकेट के शेष

### संघ प्रमुख भागवत ....

जागृति मंडल में ही रहने वाले हैं। यहां पर तो लगातार बैठकों का दौर चलेगा ही, लेकिन साथ ही वे राजधानी के दो कार्यकर्ताओं के घरों पर भी बैठक करने वाले हैं। बोरियाखुर्द और कबीर नगर के एक-एक कार्यकर्ता के घर पर पुलिस के जवान लगातार जा रहे हैं और घर की बारीकी से जांच भी कर रहे हैं।

### देश-विदेश के मन ....

2025 तक पूरे देश में सात दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। इस दौरान, उन सभी स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, जहां इसे पारंपरिक रूप से फहराया जाता है और सभी आधिकारिक कार्यक्रम स्थगित रहेंगे।

**आज कांग्रेस मुख्यालय से निकलेगी शव यात्रा :** कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि डॉ सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। आज इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी। डॉ सिंह का पार्थिव शरीर उनके मोतीलाल नेहरू मार्ग स्थित आवास पर लाया गया है। शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय में उनका पार्थिव शरीर लाया जाएगा, जहां जनता उनके अंतिम दर्शन कर सकेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार राजघाट के समीप किया जा सकता है।

### पति-पत्नी और बच्ची ....

**फॉरेंसिक टीम और डॉग एस्कॉर्ट की मदद से जांच :** घटना संदेहास्पद प्रतीत होने से पुलिस के द्वारा दुर्ग से फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया, वहीं डॉग एस्कॉर्ट की मदद से आसपास छानबीन की गई।

**सभी पहलुओं के दृष्टिगत जांच :** घटना को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने बताया कि भंवरमरा गांव में तीन लोगों की जली हुई लाश मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी, इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पति-पत्नी और उनकी बच्ची का शव घर के कमरे में जली व्यवस्था में मिला है। उन्होंने कहा कि घटना की जांच फोरेंसिक एक्सपर्ट, साइबर टीम और डॉग एस्कॉर्ट की मदद से की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में अभी स्पष्ट कुछ भी बता पाना संभव नहीं है।

### घटना संदेह के ....

संदेह के दायरे में है। कमरे में आग गैस के रिसाव से लगी होना प्रतीत हो रहा है। लेकिन गैस सिलेंडर कमरे के बाहर ही मिला है। इस गैस सिलेंडर को किचन से गैस स्टोव से अलग कर कमरे तक ले जाया गया है। जिससे मामला किसी हादसे का नही लग रहा है।

### फिल्मी स्टाइल में ....

अंतागढ़ की ओर जा रहा था। अंतागढ़ की ओर से एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएस 3954 में युवक और दो युवतियाँ सवार थी। वहीं दूसरी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 ई 2492 में दो युवक सवार थे। स्कार्पियो चालक ने खंडी नदी के टर्निंग में दोनों मोटर सायकल को रौंद दिया, जिसमें दोनों मोटर सायकल में सवार पाँचों लोग खंडी नदी के पहले नीचे गिर गए और स्कार्पियो भी नीचे उतर गई। घटना को उस मार्ग से गुजरने वालों ने देखा और पुलिस को इसकी जानकारी दिया गया। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शवों को पीएम के लिए मरचुरी में भेजा गया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दी।

**स्कार्पियों का नहीं है बीमा, स्कार्पियो मालिक है शिक्षक :** आरोपी स्कार्पियो क्रमांक सीजी 20 जे 7215 के बारे में आनलाईन चेक करने पर यह पता चला कि यह वाहन भोपालपट्टनम जिला बीजापुर निवासी भारत सिंह देहारी पिता यूएस देहारी की है। इस वाहन का बीमा 24 नवंबर 2024 तक था, इसके अलावा पीयूसीसी 25 नवंबर 2022 तक ही वैलिड था। वाहन मालिक के बेटे दुष्यंत देहारी से मोबाईल पर बात किया तो उसने बताया कि मेरे पिता भोपालपट्टनम में शिक्षक है और हम लोग अंतागढ़ के पोड़गांव के रहने वाले है। मेरे पिता शीतकालीन छुट्टी में धान बेचने पोड़गांव गए है। चालक भानुप्रतापपुर कैसे पहुँच गया, यह मुझे नहीं पता है।

**मौके पर पहुँचे पुलिस अधिकारी, चालक पकड़ाया :** घटना की जानकारी मिलते ही भानुप्रतापपुर एसडीओपी प्रशांत सिंह पैकरा, थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख तथा थाना के कई पुलिस अधिकारी मौके पर पहुँचे। आरोपी स्कार्पियो चालक मनोज को कब्जे में लिया गया। स्कार्पियो चालक शराब के नशे में था और बार बार बयान बदल रहा था।

### तीन राज्यों में ....

कुल 8 राज्यों में बारिश और ओले का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में तेज हवाएं और बेमौसम बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने कई इलाकों में अलर्ट जारी किया है। तापमान में गिरावट के साथ ठिठुरन बढ़ती जा रही है।

**उत्तर प्रदेश: बारिश और ओले का अलर्ट :** उत्तर प्रदेश में आंधी और बारिश के साथ ओले गिरने की चेतावनी दी गई है। पश्चिमी यूपी में 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। लखनऊ और कानपुर में घना कोहरा छाया हुआ है। तापमान में गिरावट के साथ ठंड बढ़ रही है। किसान फसलों को लेकर चिंतित हैं। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक सतर्क रहने की सलाह दी है।

**बिहार: ठंड और बारिश से बढ़ी मुश्किलें :** बिहार में सर्दी का असर तेजी से बढ़ रहा है। कई जिलों में बारिश और ओले गिरने की संभावना है। पटना, गया और भागलपुर जैसे इलाकों में कोहरा छाया हुआ है। तापमान 8 डिग्री तक गिर चुका है। आंधी और बारिश से फसलों को नुकसान हो सकता है। मौसम विभाग ने किसानों को सतर्क रहने और स्थिति का सामना करने की सलाह दी है।

**मध्य प्रदेश: ओले और तेज हवाओं का खतरा :** मध्य प्रदेश में दो दिन तक ओले गिरने और तेज हवाओं का अलर्ट है। रायसेन, सीहोर, खंडवा और बैतूल जैसे जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।
बारिश और 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं का असर देखा जा सकता है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण मौसम में अचानक बदलाव आया है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 4-5 दिनों तक बारिश और कोहरा बना रहेगा। किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

**राजस्थान: बारिश और ओले का कहर :** राजस्थान के 13 जिलों में बारिश और ओले गिरने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। जयपुर और अन्य जिलों में 28 दिसंबर तक हल्की बारिश की संभावना है। राज्य में घने कोहरे के साथ तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। 15 जिलों में ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। ओले गिरने से फसलों को नुकसान हो सकता है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना व्यक्त की है।

**दक्षिण भारत: बारिश का दौर जारी :** तमिलनाडु और पुडुचेरी में तेज बारिश का अलर्ट जारी है। अगले तीन दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। दक्षिण भारत के अन्य हिस्सों में ठंड का असर कम है। हालांकि, पश्चिमी घाट के कुछ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की सर्दी महसूस की जा रही है। तटीय इलाकों में हवाएं तेज चल सकती हैं। किसानों को बारिश से होने वाले जलभराव को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# चेन्नई रेप केस के विरोध में भाजपा अध्यक्ष ने खुद को कोड़े मारे



एजेंसी ▶▶ कोयंबटूर/चेन्नई

भारतीय जनता पार्टी की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के अन्नामलाई ने चेन्नई में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर एक कॉलेज की छात्रा से यौन उत्पीड़न के मामले पर राज्य पुलिस के रवैये को लेकर शुक्रवार को खुद को कोड़े मारकर विरोध जताया। हरे रंग की धोती पहने अन्नामलाई ने अपने आवास के सामने अपनी पार्टी के कार्यकर्ता से कोड़ा लेकर उससे कई बार खुद पर वार किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता उनके आसपास खड़े होकर महिला की शिकायत से संबंधित प्राथमिकी के कथित तौर पर लीक होने के लिए पुलिस की निंदा करते हुए तख्तियां दिखा रहे थे।

### डिप्टी सीएम के साथ आरोपी की फोटो

आरोपी की तस्वीरें डिप्टी सीएम स्टालिन के साथ सामने आने के बाद सियासत शुरू हो गई है। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सीएम एमके स्टालिन के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम महासचिव पलानीस्वामी ने कहा कि यह शर्मनाक है। यह घटना बताती है कि कानून-व्यवस्था की स्थिति कितनी खराब हो गई है।

### जूते नहीं पहनने का लिया संकल्प

अन्नामलाई ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए नाटकीय ढंग से अपने जूते उतार दिए और घोषणा की कि जब तक सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार नहीं गिर जाती, तब तक वह जूते नहीं पहनेंगे।

### क्या है पूरा मामला

चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की सेकेंड ईयर स्टूडेंट के साथ 23 दिसंबर को रेप हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन पीड़िता की पहचान सार्वजनिक कर दी है। चेन्नई के पुलिस कमिश्नर ए अरुण ने गुरुवार को बताया कि एफआईआर लॉक नहीं हो पाई तो तकनीकी गड़बड़ी के कारण लीक हो गई।

### रेप की घटना हाई सिक्योरिटी जोन में हुई

बता दें कि 23 दिसंबर की रात 8 बजे अन्ना यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग की सेकेंड ईयर स्टूडेंट के साथ रेप हुआ था। यूनिवर्सिटी कैंपस के पास ही राजभवन और आईआईटी मद्रास है, जो हाई-सिक्योरिटी जोन में आता है। पुलिस ने कैंपस में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की और आरोपी ज्ञानशेखरन को गिरफ्तार कर लिया। वह यूनिवर्सिटी के पास ही बिरयानी की दुकान लगाता है।

लगातार दूसरे साल 10 लाख का आंकड़ा छुआ

# अमेरिका के वीजा के मामले में भारतीयों ने तोड़े सारे रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के वीजा के मामले में भारतीयों ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए है। लगातार दूसरे साल 10 लाख से अधिक का आंकड़ा छुआ है। अमेरिकी दूतावास ने बताया कि भारत में अमेरिकी मिशन ने 2024 में लगातार दूसरे साल 10 लाख से अधिक गैर-आप्रवासी वीजा जारी किए। इसमें रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक वीजा शामिल हैं। यह संख्या भारत से अमेरिका यात्रा की बढ़ती मांग को दर्शाता है, जो खासतौर पर पर्यटन, व्यापार और शिक्षा के उद्देश्यों के लिए है। विदेश विभाग ने इस साल अमेरिका में एच-1बी वीजा नवीनीकरण के लिए एक सफल पायलट कार्यक्रम पूरा किया। इसके तहत भारत के कई विशेषज्ञ श्रेणी के कार्यकर्ता अमेरिका में ही अपने वीजा का नवीनीकरण करवा सके। इस पायलट कार्यक्रम ने हजारों आवेदकों के लिए नवीनीकरण प्रक्रिया को सरल बना दिया। बता दें, विदेश विभाग औपचारिक रूप से 2025 में यूएस-आधारित नवीनीकरण कार्यक्रम स्थापित करने के लिए काम कर रहा है। भारत में अमेरिकी मिशन ने हजारों आप्रवासी वीजा भी जारी किए। इससे कानूनी तरीके से परिवारों का पुनर्मिलन और कुशल पेशेवरों का अमेरिका में प्रवासन संभव हुआ।



### सबसे अधिक छात्रों को भेजने वाला देश बना भारत

भारत ने 2024 में पहली बार 2008/2009 शैक्षिक वर्ष के बाद अमेरिका में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय छात्रों को भेजने वाला देश बनकर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया। इस वर्ष, अमेरिका में अध्ययन करने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 331,000 से अधिक रही। भारत ने लगातार दूसरे वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्नातक छात्रों का सबसे बड़ा स्रोत बना और भारतीय स्नातक छात्रों की संख्या में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो लगभग 200,000 छात्रों तक पहुंच गई।


सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के बदले उनकी बकाया राशियों का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये। चूंकि बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में वे विफल रहे हैं, हम 08 जनवरी, 2025 को गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://gold.samil.in पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : जगदलपुर | |
| 108505010795 | योगेन्द्र कश्यप |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : खारसिया | |
| 202205000609 | धनीराम यादव |

दिनांक : 28.12.2024
स्थान : बस्तर, रायगढ़
हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-1/2024/916/265 भिलाई दिनांक 21/12/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्र. | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | निविदा पहुंचने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड-02 आनंद नगर में सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 163227 | 26.72 | 10.01.2025 | 13.01.2025 |
| 2. | वार्ड-02 आनंद नगर में पर्याप्त जल निकासी हेतु आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 163232 | 23.03 | 10.01.2025 | 13.01.2025 |
| 3. | वार्ड-04 नेहरू नगर पश्चिम में सार्वजनिक अशोक उद्यान का सौन्दर्यीकरण एवं विद्युतीकरण कार्य। | 163235 | 24.99 | 10.01.2025 | 13.01.2025 |

(नोट :- ई टेण्डर में ऑफलाईन शपथपत्र एवं EMD प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा/दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त निविदा निर्माण कार्यो सामान्य शर्तें, एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाईन जमा करें साथ ही धरोहर राशि स्पीडपोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगे। साथ ही यह जानकारी संचालनालय की वेबसाईट eproc.cgstate.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।



कार्यालय नगर पालिका परिषद अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
UADD Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक/708/न.पा.प./लो.क.वि./2024 अहिवारा, दिनांक 24/12/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / एन.जी.ओ. से ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्र. | अनु. लागत लाख में | निविदा आनलाईन करने की प्रारंभिक / अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Toilet Maintance work at Npp Ahiwara | 163403 | 21.44 | Bid Start Date- 24/12/2024,18.30 PM<br>Bid Due Date - 15/01/2025, 17.30 PM<br>Physical FDR & Affidavit Submission<br>End Date- 17/01/2025, 17.30 PM<br>Bid open Date (Suheduled)- 17/01/2025, 17.31 PM |
| 2 | Ward No. 12 Construction Of Boundry wall At New Nagarik Kalyan College Npp Ahiwara | 163406 | 25.00 | |

विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईड http://eproc.cgstate.gov.in से डॉउनलोड / देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अहिवारा


## पेज एक के शेष

### धनकुबेर सौरभ के...

चेतन गौर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था। शुक्रवार को ईडी की टीम ने सौरभ शर्मा के कई ठिकानों पर दबिश दी। ईडी के दर्जनभर अधिकारी सौरभ के घर और दफ्तर में कई आधुनिक उपकरण के साथ सर्चिंग कर रहे हैं। लोकायुक्त को इसी दफ्तर से ढाई क्विंटल चांदी बरामद हुई थी। सौरभ ने टाइल्स के अंदर चांदी को छुपाकर रखा था। इसलिए प्रवर्तन निदेशालय के अफसर मेटल डिटेक्टर लेकर पहुंचे हैं।

**जबलपुर में सौरभ का ससुराल :** ग्वालियर के बहोड़ापुर स्थित सौरभ शर्मा की कोठी पर सुबह 5 बजे ही पुलिस फोर्स के साथ ईडी ने दबिश दी। घर के बाहर फोर्स तैनात है। अंदर अफसर सर्चिंग कर रहे हैं। जबलपुर में सौरभ शर्मा का ससुराल है। सूत्रों के मुताबिक, सौरभ ने पत्नी दिव्या के भाई शुभम तिवारी के नाम से करोड़ों का निवेश किया है। दोस्त चेतन सिंह गौर और बहनोई रोहित तिवारी के नाम भी निवेश का पता चला है। ईडी की टीम इसकी पड़ताल में जुटी है। **दुबई कनेक्शन तलाश रही टीम :** इसके अलावा एक स्कूल, एक निर्माणाधीन बंगला, भोपाल, इंदौर और ग्वालियर सहित कई शहरों में प्रॉपर्टी के दस्तावेज, एग्रीमेंट मिले हैं। लोकायुक्त की जांच में यह भी सामने आया कि सौरभ वर्तमान में दुबई में है, जबकि उसके भोपाल स्थित घर पर उसकी मां और नौकर ही मौजूद थे। अब लोकायुक्त टीम उसके दुबई कनेक्शन की गहराई से जांच कर रही है।

### नशे के कारोबार से...

नशीली दवा बेचते हुए पकड़ा था। पूछताछ में दोनों ने सरगना टिकरापारा कंसा चौक निवासी संजीव सिंह उर्फ सुच्चा सिंह छाबड़ा पिता सादीलाल छाबड़ा 53 साल से नशीली दवा खरीदने की जानकारी दी। आरोपी संजीव उर्फ सुच्चा सिंह इन दोनों से मोबाइल में संपर्क कर नशीली इंजेक्शन व सिरप की सप्लाई कर रहा था। दोनों मामले में उसे आरोपी बनाकर तलाश की जा रही थी। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार, एसआई अवधेश सिंह, दीपक उपाध्याय, राहुल सिंह व अन्य ने जबलपुर में कैम्प कर सरगना संजीव उर्फ सुच्चा सिंह छाबड़ा को पकड़ लिया। उसे शहर लेकर लाया गया। पुलिस ने सिविल लाइन व सरकण्डा के मामले में उसे गिरफ्तार कर लिया है।

**पुरस्कृत होगी टीम :** एसपी श्री सिंह ने लंबे अरसे से शहर छोड़कर मध्य प्रदेश से शहर में नशे के कारोबार करने वाले सरगना को पकड़ने वाले सीएसपी श्री परिहार एवं उनकी टीम की सराहना करते हुए उचित ईनाम देने की घोषणा की है।


## राशिफल


**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।


**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## कृषि एवं बागवानी की पारंपरिक किस्मों को बढ़ावा देने की आवश्यकता : देवेश

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली ।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव डॉ देवेश चतुर्वेदी ने कहा है कि आज कृषि एवं बागवानी की पारंपरिक किस्मों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। पारंपरिक किस्मों के महत्व के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें बेहतर स्वाद, सुगंध, रंग, गुणवत्ता और पोषण संबंधी समृद्धि आदि जैसे अद्वितीय लक्षण हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि इन किस्मों को समूहों में उगाना चाहिए और उच्च मूल्य प्राप्ति के लिए विपणन करना चाहिए क्योंकि ऐसे अनेक खरीदार हैं जो इस तरह गुणों को पसंद करते हैं, साथ ही उन्होंने कुछ उदाहरण भी दिए। नई दिल्ली में 'जलवायु-अनुकूल कृषि के लिए पारंपरिक किस्मों के माध्यम से वर्षा आधारित क्षेत्रों में कृषि-जैव विविधता को पुनर्जीवित करना' विषय पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए चतुर्वेदी ने ये बातें कही।


नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री षन्मिता साहू, जिसकी जन्म तिथि 09/08/2024 है, का जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम रायपुर से दिनांक 09/09/2024 को जारी किया गया उसमें त्रुटिवश नाम षन्मिता साहू की जगह पनमिता साहू दर्ज हो गया है जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटि सुधार कर उसका मूल नाम षन्मिता साहू दर्ज करने के समर्थन में या उद्घोषणा कर रहा हूं।
रायपुर
दिनांक 27/12/2024
- उद्घोषणाकर्ता -
भोजलाल साहू पिता परषोत्तम साहू
निवासी - बिजनापुरी
पोस्ट छाती, तहसील एवं जिला
धमतरी छत्तीसगढ़



Z-28016/70/2024-PMSSY-IV(8307511)
Government of India
Ministry of Health & Family Welfare
(PMSSY Division)

Room No.201-D,
Nirman Bhawan, New Delhi-110011

Ministry of Health & Family Welfare (PMSSY Division) invites applications from eligible candidates for filling up the post of Deputy Director (Administration) in Level-13 (Rs.123100-215900) (as per 7th CPC) on transfer on deputation basis in each AIIMS at Raipur (Chhattisgarh) and Bilaspur (Himachal Pradesh).
2. For further details, please visit Website of the Ministry & this Division i.e. https://www.mohfw.gov.in and https://pmssy-mohfw.gov.in.
3. Detailed advertisement will be published in Employment News. The last date of receipt of applications will be the 45th day from the date of publication of advertisement in Employment News.
CBC 17101/11/0013/2425



कार्यालय, नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ.ग.)

// ई-प्रक्योरमेंट निविदा सूचना //

क्रमांक 1393/ लोककर्म / 2024-25, राजनांदगांव दिनांक 26/12/2024


नगर पालिक निगम, राजनांदगाव द्वारा अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण निधि अंतर्गत निम्न कार्यों हेतु आनलाईन निविदाएँ भरने की अंतिम तिथि दिनांक 15/01/2025 तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का नाम | राशि रू. (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 163383 | Construction of Tatabandh (Toe Wall and Pachri) near Shivnath River, Ward 51 Hardi Rajnandgaon | 30.00 |
| 2 | 163386 | Construction of CC Road along with Water Bound Macadam (WBM) Road, From Satnami para to Jairam sahu house, Ward 04 Purana Dhaba | 30.00 |
| 3 | 163387 | Construction of Shed in front of Bade manch Shankarpur, ward 09 Rajnadgaon | 25.00 |
| 4 | 163451 | Construction of Enterance Gate at Indiranagar near Late Leelaram Bhojwani house, Ward 41 Jhulelal Ward Rajnandgaon | 20.00 |
| 5 | 163397 | Construction of Wet Mix Macadam (WMM) Road, 1.5K.M. From Matiyakhar, Ward 49 Mohad | 30.00 |
| 6 | 163398 | Construction of Cement Concrete Road from Thakurdev Sthan to Muktidham, Ward 50 Singdai | 30.00 |
| 7 | 163400 | Construction of Cement Concrete Road, near Minar Nahar Ward 51 Hardi Singdai | 21.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव के लोककर्म विभाग से एवं विभागीय वेबसाईट www.mcrjn.com, www.uad.cg.gov.in, एवं https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

आयुक्त, नगर पालिक निगम
राजनांदगांव


## शब्द पहेली - 5730



**बाएँ से दाए-**
1. सफल, उत्तीर्ण-4
5. ओस, रजनीजल-4
7. फरार होना, चंपत होना, पलायन करना-5
9. महीना, मास-2
10. साल का बारहवां भाग-2
13. पुचकारना-4
15. विष्णु, चक्रधारी-4
17. निरुत्तर होना-5
18. अपनत्व-5
20. असम के इस शहर को बादलों का घर कहा जाता हैं-4
23. निकृष्ट, अल्पतर-4
26. अंधकार-2
27. बुरा आदत-2
29. रसायन संबंधी-5
31. ब्राम्हण, सम्राट-4
32. गजानन, गणपति-4


**ऊपर से नीचे**
2. मां, आई, मदर-2
3. बारिश का गिरना-4
4. निर्माता, रचयिता-5
5. लज्जाना -4
6. मुलायम-2
8. उम्मीद-2
9. हार, जयमाल-2
11. हरे रंग का-2
12. वचन, प्रतिज्ञा-2
14. हैंडलूम, इस यंत्र पर धागों से बुनाई होती है-5
16. जनेऊ, उपनयन संस्कार-5
19. विलेन, नायक का विलोम-5
20. बादल-2
21. बुरी आदत-2
22. यम, मृत्यु का देवता-4
23. पानी के बहने की आवाज-2,2
24. वोट, अभिमत-2
28. इस जगह-2
30. कारावास, बंधन-2

**शब्द पहेली -5729 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5740

★★★★★ कठिनतम



**सूडोकु नवताल - 5739 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## खबर संक्षेप

### धान ले जाने की बात पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम दाबपाली में धान ले जाने की बात पर एक व्यक्ति से पांच लोगों ने मारपीट कर दी। तेंदूकोना पुलिस को प्रार्थी धरम सिंग ने बताया कि 12 दिसंबर को वह अपने खेत ग्राम दाबपाली में धान फसल को लेने गया था। तभी कुंजल ध्रुव, शशि ध्रुव, पुष्कर ध्रुव, रेवती ध्रुव, खेमिन ध्रुव द्वारा धान को कहां ले जा रहे हो कहते हुए गाली गलौज कर हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। बीच बचाव करने आए प्रार्थी के पुत्र और बहू के साथ भी आरोपियों ने मारपीट किया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 191(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### तलवार दिखाकर धमकाया, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** शहर में चाकू बाजी की घटनाएं बढने लगी है बीती रात जय स्तंभ चौक के पास तालवार लेकर आरोपी ने डरा धमका कर एक व्यवसायी से मारपीट किया इस मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वही आज दोपहर शहर के नए बस स्टेण्ड में चाकू बाजी की घटना में एक युवक घायल हो गया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

शहर में चाकू बाजी की बढती घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त होने लगा है। बीती रात शहर के जय स्तंभ चौक के पास चाकू लेकर एक फल व्यवसायी से मारपीट करने के मामले से आस पास के क्षेत्र में भय व्याप्त हो गया था। आरोपियो के कब्जे से एक लोहे का धारदार तलवार किया गया जब्त। इस मामले में पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली उम्र 25 साल साकिन शंकरपुर को रात्रि में ही घेराबंदी कर पकडा। आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का धारदार तलवार को जब्त कर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट समाहित किया गया। आरोपी को आज 27 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड मे भेजा गया।


**समस्या:** करीब दो हफ्ते से क्षेत्र में चहलकदमी जारी, ग्रामीणों में दहशत

# बोड़ला वनांचल में दो शावकों के साथ बाघिन ने डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

जिले के बोड़ला विकासखण्ड अंतर्गत बैजलपुर-सिंघारी वन उप परिक्षेत्र के वनांचल ग्राम लब्दा में इन दिनो एक बाघिन ने डेरा जमा लिया है। बताया जाता है कि बाघिन के साथ उसके दो शावक भी हैं जो लगातार क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीण कई बार बाघिन और उसके शावकों को गांव के आसपास घूमते फिरते देख चुके हैं।

जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी दहशत देखी जा रही है। हालांकि ग्रामीणों से लब्दा गांव के आसपास बाघिन की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद वन विकास निगम ने ग्राम लब्दा सहित आसपास के आबादी क्षेत्रों में कोटवार के जरिए मुनादी करा दी है और ग्रामीणों को सतर्क तथा सावधान रहने की हिदायत दे दी है। वहीं वन विभाग बाघिन और उसके शावकों पर नजर रखे हुए है। इस संबंध में क्षेत्रीय ग्रामीणों की माने तो बाघिन अपने दो शावकों के साथ बीते करीब पंद्रह दिनो से ग्राम लब्दा के आसपास मौजूद है। ऐसी आशंका व्यक्त की जा रही है कि बाघिन मध्यप्रदेश के ग्राम मवई से होते हुए बोड़ला-पंडरिया की सीमा से लगे ग्राम बाकी तथा घुंडसी से होते हुए यहां पहुंची और अब ग्राम लब्दा के आसपास डेरा डाले हुए है। इस संबंध में ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद वन विकास निगम के अधिकारियों ने मौका मुआयना भी किया है और गांव के आसपास कई स्थानो में बाधिन और उसके शावकों के फुट प्रिंट भी प्राप्त किए हैं। वहीं विभाग को खूफिया कैमरे से बाघिन और उसके शावकों की कुछ फुटेज भी मिली है। जिसे देखते हुए अब विभाग ने ग्राम लब्दा सहित आसपास के ईलाकों में कोटवार के जरिए मुनादी करा दी है और बाघिन तथा उसके शावकों पर नजर रखे हुए हैं।



### लगातार दिखाई दे रही बाघ-बाघिन की धमक

गौरतलब है कि अभी हाल ही में विकासखण्ड पंडरिया में भी एक बाघ ने दस्तख दी थी और सीमावर्ती गांव में कई दिनो तक डेरा डाल रखा था। इस दौरान उसने पंडरिया सीमा से लगे मध्यप्रदेश के गांव में कुछ मवेशियों का भी शिकार किया था। जिसे लेकर भी पंडरिया के सीमावर्ती गांव में बसे ग्रामीणों को कई दिनो तक दहशत के बीच दिन गुजारने पड़े थे। कमोबेश वैसी ही स्थिति अब बोड़ला के वनांचल ग्राम लब्दा क्षेत्र में देखने को मिल रही है।

# चिल्फी में फिर लगा 20 किलोमीटर लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चिल्फीघाटी



चिल्फीघाटी से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 से होकर यात्रा करने वाले यात्रियों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। जानकारी के मुताबिक बीते गुरूवार की रात करीब 11.00 बजे से एक बार फिर चिल्फी से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे में जाम लग गया।

जाम भी इतना लम्बा की करीब 20 किलो मीटर तक वाहनो की लम्बी लाईन लग गई। बताया जाता है कि यह जाम बुधवार की रात से शुक्रवार की शाम करीब 6.00 बजे तक लगा रहा। जिसके चलते चिल्फी से लेकर ग्राम धवईपानी तक वाहनो में फंसे यात्रियों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यात्री पूरी रात और पूरे दिन भूखे प्यासे जाम में फंसे रहे। जाम की सूचना मिले के मौके पर पहुंची चिल्फी पुलिस को भी जाम को खुलवाने में भारी मसक्कत करनी पड़ी। जिसके करीब 20 घंटे बाद जैसे तैसे जाम को खुलवाने में सफलता मिली। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी कुछ दिन पूर्व भी घाटी में कुछ ऐसा ही जाम लगा था।

# धुत होकर स्कूल पहुंचने वाले व्याख्याता शौकत अली को विभाग ने किया सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

नशे की हालत में स्कूल पहुंचने वाले व्याख्याता को निलंबित कर दिया गया है। जिले के बसना ब्लॉक के स्वामी आत्मानंद विद्यालय भंवरपुर के व्याख्याता शौकत अली 22 अक्टूबर को शराब के नशे में स्कूल पहुंचे थे जिसकी वजह से हंगामा होने के बाद संबंधित अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए जांच रिपोर्ट तैयार की और शिक्षा विभाग को सौंप दी। उक्त व्याख्याता शराब के नशे में धुत होकर पहले तो स्कूल पहुंचा बाद में परिसर में बेसुध मिला था। दो महीने बाद आखिरकार उक्त शिक्षक पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए निलंबन आदेश जारी किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उक्त व्याख्याता शराब के नशे में इतना चूर था कि वह चल भी नहीं पा रहा था। बाद में शिक्षक के खिलाफ पुलिस में सूचना दर्ज कराई गई और डॉक्टरी मुलायजा भी कराया गया। जहां पर मदिरापान किए जाने की पुष्टि के बाद व्याख्याता शौकत अली को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के अंतर्गत नियम 9 के उपनियम (1) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलबिंत करते हुए मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी निर्धारित किया गया है।



# चाइना मांझा से फिर कटा युवक का गला

**भिलाई।** चाइना के मांजे से फिर एक युवक का गला कटने का मामला सामने आया है। घटना में युवक का उपतार निजी अस्पताल में जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक 25 दिसंबर को कोहका हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी रामेश्वर बेले 36 वर्ष दोपहर करीब 12 बजे अपनी बाइक पर पत्नी नीतू के साथ सेक्टर 7 से अपने घर जा रहे थे। इस दौरान सुपेला लक्ष्मी मार्केट के पास एक पतंग कटकर आया और बाइक सवार नायलॉन चाइनीज मांझा सीधे रामेश्वर के गले में फंस गया। जिसे पीड़ित हटाने का प्रयास किया लेकिन नहीं हट पाया। नतीजन चाइनीज मांझा रामेश्वर के गले के चपेट में आया और कट गया। गला से खून निकलता देख पत्नी तुरंत परिजनों को सूचना दिया। उपचार के लिए पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां वे दो दिन आईसीयू में रहे। रामेश्वर ने बताया कि उनके गले में गहरा घाव हो गया था और टांके भी लगे है।






अमेरिका के 6 दिवसीय दौरे पर हैं विदेश मंत्री

# जयशंकर और जेक सुलिवन ने भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी की प्रगति के विषय पर चर्चा की

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

*विदेश मंत्री एस जयशंकर 6 दिवसीय अमेरिकी दौरे पर हैं। शुक्रवार को उन्होंने अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर चर्चा हुई। जिसकी जानकारी खुद जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी है।*

विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय अमेरिकी दौरे पर हैं। वे 29 दिसंबर तक अमेरिका में रहने वाले हैं। अपनी यात्रा के दौरान जयशंकर महत्वपूर्ण द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने आज शुक्रवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) के प्रमुख जेक सुलिवन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी की प्रगति पर चर्चा की। इस मुलाकात के बारे में जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बुधवार वाशिंगटन डी.सी. में अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन से मिलकर अच्छा लगा। जयशंकर ने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी की प्रगति पर व्यापक चर्चा की है। जयशंकर ने गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वर्तमान क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्री की आने वाले ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ बैठकें करने की भी संभावना है।



मुलाकात के बारे में जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट पर जानकार दी

**सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे जयशंकर**

जयशंकर द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दे पर विदेश मंत्रालय ने बताया कि यात्रा के दौरान, जयशंकर संयुक्त राज्य अमेरिका में भारत के महावाणिज्य दूत के एक सम्मेलन की अध्यक्षता भी करेंगे। जयशंकर के इस अमेरिका दौरे पर अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन और निवर्तमान बिडेन प्रशासन के अन्य वरिष्ठ सदस्यों से मिलने का कार्यक्रम है।

पाक को लगेगी मिर्ची!

## इजराइली पीएम नेतन्याहू का भारत के पीएम मोदी के नाम भेजा खास संदेश



**जेरूसलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यहूदी त्योहार हनुक्का पर भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक खास संदेश भेजा है। नेतन्याहू ने पीएम मोदी को शुभकामनाओं का आभार व्यक्त करते हुए एक खास संदेश साझा किया। उन्होंने इस त्योहार को 'अंधकार पर प्रकाश की विजय' के रूप में वर्णित किया। नेतन्याहू और मोदी के बीच यह आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच बढ़ती मित्रता और मजबूत राजनयिक संबंधों को दर्शाता है। यह संदेश यहूदी समुदाय और भारत-इजराइल के सौहार्दपूर्ण संबंधों को और मजबूत करता है।

# कोर्ट ने जताई हैरानी कहा- बिना मुकदमे के अंतहीन कारावास कैसे संभव है?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





दिल्ली हाई कोर्ट ने एक व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान काफी सख्त टिप्पणी की। हाई कोर्ट ने कहा कि बिना मुकदमे के अंतहीन कारावास संविधान के आर्टिकल 21 का उल्लंघन है। इसी के साथ कोर्ट ने 2022 में धोखाधड़ी के मामले में पकड़े गए एक व्यक्ति को जमानत दे दी। जस्टिस अमित महाजन ने कहा कि अगर कोई आरोपी मामले में समय पर सुनवाई के बिना लंबे समय तक कारावास का सामना कर रहा है तो कोर्ट आमतौर पर उन्हें जमानत पर रिहा करने के लिए बाध्य होंगी। भारतीय संविधान का आर्टिकल 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से संबंधित है।

### दो साल से ज्यादा बिताए जेल में

हाई कोर्ट ने 24 दिसंबर को सुनवाई के दौरान कहा कि मौजूदा मामले में अभी तक आरोप तय नहीं किए गए हैं। अभियोजन पक्ष ने पूरक आरोप पत्र दाखिल करनेके लिए बार-बार स्थगन की मांग की थी। आरोपी की आखिरी जमानत याचिका खारिज हुए एक साल हो गया है। आवेदक हिरासत में दो साल से ज्यादा वक्त बिताया है। निकट भविष्य में मुकदमा पूरा होने की कोई उम्मीद नहीं है। ऐसी परिस्थितियों में गवाहों से पूछताछ न करने के कारण आवेदक को अनंत अवधि के लिए कैद रखना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। कोर्ट ने अपने आदेश में उस व्यक्ति को दो जमानतदारों के साथ 50 लाख रुपए के निजी मुचलकों पर रिहा कर दिया।

## स्पेन जा रहे प्रवासियों की नौका डूबी, 70 की मौत

**बमाको।** इस महीने की शुरुआत में स्पेन पहुंचने की कोशिश कर रहे करीब 70 प्रवासियों की नाव डूबने से मौत हो गई थी। माली के एक मंत्री ने यह जानकारी दी। विदेश में रह रहे माली के नागरिकों से संबंधित मंत्रालय के मंत्री मोसा एजी अत्ताहर ने बृहस्पतिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि स्पेन जा रही प्रवासियों की एक नाव 19 दिसंबर को डूब गई। मंत्रालय के अनुसार इस नाव में शुरू में 80 प्रवासी सवार थे, जिनमें से केवल 11 ही जीवित बचे। माली के अधिकारियों ने जीवित बचे लोगों में माली के नौ लोगों की पहचान की है।

फ्लैट बेचना है
किराये से देना है
शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867

एयरस्ट्राइक के बाद बढ़ा तनाव

# पाकिस्तान की ओर बढ़ रहे हैं 15 हजार तालिबानी लड़ाके, छिड़ सकती है जंग

एजेंसी ▶▶ कंधार



मिडिल ईस्ट इस समय जंग की आग में झुलस रहा है। लेकिन अब इस जंग की आंच पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान तक भी पहुंच गई है। पिछले कुछ समय से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच धधक रही आग ने अब विकराल रूप ले लिया है।

कहा जा रहा है कि तालिबान के 15 हजार लड़ाके पाकिस्तान की ओर बढ़ रहे हैं। माना जा रहा है कि अफगानिस्तानी तालिबान ने अब आर-पार का मन बना लिया है। मंगलवार को अफगानिस्तान के पूर्वी पक्तिका प्रांत में पाकिस्तान की सेना ने एयरस्ट्राइक की थी, जिसमें 46 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद ही अब अफगानिस्तान तालिबान ने पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक का जवाब देने का ऐलान कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, लगभग 15 हजार तालिबानी लड़ाके काबुल, कंधार और हेरात से निकलकर खैबर पख्तूनख्वा के मीर अली बॉर्डर की ओर बढ़ रहे हैं. तालिबान प्रवक्ता ने कहा है कि पाकिस्तान को उसकी कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब मिलेगा।

### क्या है तालिबान की रणनीति?

अफगान तालिबान लंबे समय से यह दिखाता आया है कि वह किसी भी बड़े सैन्य शक्ति के सामने झुकने वाला नहीं है। अमेरिका और रूस जैसी महाशक्तियों को उसने वर्षों तक चुनौती दी और आखिरकार उन्हें अफगानिस्तान से लौटने पर मजबूर कर दिया। पाकिस्तान के पास न तो वैसी सैन्य ताकत है और न ही आर्थिक क्षमता, जिससे वह तालिबान का सामना कर सके। मीर अली बॉर्डर पर बढ़ती गतिविधियों के चलते पाकिस्तान ने भी अपनी सेना को अलर्ट पर रखा है। सीमाई इलाकों में सैनिकों की तैनाती तेज कर दी गई है। स्थानीय लोगों में डर का माहौल है और स्थिति किसी बड़े संघर्ष का संकेत दे रही है। तनाव बढ़ने के साथ ही यह देखना होगा कि पाकिस्तान और तालिबान के बीच यह टकराव किस ओर बढ़ता है।

बागपत के छपरौली में अलर्ट

# संसद के सामने खुद को आग लगाने वाले जितेंद्र की मौत

एजेंसी ▶▶ बागपत

दिल्ली के नए संसद भवन के बाहर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने वाले जितेंद्र ने की उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इसका पता चलते ही जिले में पुलिस अलर्ट हो गई। छपरौली कस्बे की पट्टी धंधान में रहने वाले रविंद्र ने बताया कि उसके छोटे भाई जितेंद्र ने कई साल पहले हुई घटनाओं में पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए अनुसूचित जाति जनजाति आयोग में भी शिकायत कर रखी थी। इसके बाद भी सुनवाई नहीं होने पर मंगलवार को जितेंद्र ने दिल्ली में नए संसद भवन के सामने खुद पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा ली। इसका पता चलने पर जितेंद्र के पिता महीपाल परिवार के सदस्यों के साथ दिल्ली अस्पताल चले गए। रविन्द्र ने बताया कि आग लगने से उसके भाई का अधिकांश शरीर जल चुका है और हालत चिंताजनक बनी हुई थी। बृहस्पतिवार देर रात अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जितेंद्र तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी मौत होने का पता चलते ही देर रात कस्बे के काफी लोग दिल्ली चले गए।



वायु रक्षा प्रणाली की विफलता को जिम्मेदार ठहराया

# एम्ब्रायर विमानन कंपनी ने रूस के शहरों के लिए उड़ानें निलंबित की

एजेंसी ▶▶ बाकू

अजरबैजान विमानन कंपनी ने शुक्रवार को रूस के कई हवाई अड्डों के लिए उड़ानें निलंबित करने की घोषणा की। कंपनी ने अपने एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद संभावित उड़ान सुरक्षा जोखिमों का हवाला देते हुए यह घोषणा की। कई विशेषज्ञों ने इस दुर्घटना के लिए रूसी वायु रक्षा प्रणाली की विफलता को जिम्मेदार ठहराया। अजरबैजान विमानन कंपनी के एम्ब्रायर 190 विमान ने बुधवार को राजधानी बाकू से उत्तरी काकेशस में रूसी शहर ग्रोजनी के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद इसका मार्ग परिवर्तित कर दिया गया।

### दुर्घटना में 38 लोगों की मौत हो गई थी

कैस्पियन सागर को पार करने के बाद कजाकिस्तान के अक्तौ में उतरने का प्रयास करते हुए विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में 38 लोगों की मौत हो गई और सभी 29 लोग घायल हो गए। अजरबैजान, कजाकिस्तान और रूस के अधिकारियों ने आधिकारिक जांच पूरी होने तक दुर्घटना के संभावित कारण के बारे में जानकारी नहीं दी लेकिन अजरबैजान के एक सांसद ने इस दुर्घटना के लिए मास्को को दोषी ठहराया।

पाक की समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने खोज और बचाव मिशन में दिया पूरा सहयोग

# अरब सागर में डूबे भारतीय पोत के 9 सदस्यों को आईसीजी ने बचाया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने उत्तरी अरब सागर में डूब रहे भारतीय पोत एमएसवी 'ताज धारे हरम' के चालक दल के नौ सदस्यों को बचा लिया है। ख़ास बात यह रही कि इस खोज और बचाव मिशन में भारतीय तटरक्षक बल के साथ पाकिस्तान की समुद्री सुरक्षा एजेंसी (एमएसए) ने सहयोग किया। दोनों देशों के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र (एमआरसीसी) ने भी पूरे ऑपरेशन के दौरान निरंतर संवाद बनाए रखा। बचाए गए चालक दल को गुजरात के पोरबंदर तट पर लाया गया है।

### पाक ने तुरंत सहायता की

गुजरात के मुंद्रा से रवाना होकर यमन के सोकोत्रा की ओर जाने वाला यह जहाज 26 दिसंबर को समुद्र की लहरों और बाढ़ की वजह से पाकिस्तान के खोज और बचाव क्षेत्र में बुरी तरह प्रभावित हुआ। उड़ान के दौरान आईसीजी डोर्नियर विमान को इस संकट की जानकारी मिली, मुंबई और गांधीनगर के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र ने क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तर पश्चिम) को तुरंत सतर्क कर दिया। उत्तरी अरब सागर में पहले से ही गश्त कर रहे आईसीजीएस शूर को घटनास्थल पर तेज रफ्तार से बताए गए स्थान के लिए रवाना किया गया।

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

**अर्जेन्ट आवश्यकता है** - रायगढ और रायपुर प्लांट हेतु सिक्युरिटी गार्ड एवं सिक्युरिटी सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता : - 10वीं, 12वीं हाइट :- 5.6 इंच सुविधा :- रहना + खाना + PF + ESIC वेतन :- 14500 - 18000 पता :- 6 फ्लोर, ऑरेंज हाइव मेन रोड मोवा थाना रायपुर सम्पर्क :- 8109070600, 7869230888. (RO-2459)

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा, टाटीबंध, सरोना, एमजी. रोड हेतु सुरक्षा गार्ड, एवं सुरक्षा सुपरवाइजर की शीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार संपर्क - 9981144486.(RO-2466)

**आवश्यकता है-** Vishwa सिक्योरिटी सर्विसेस 8th,10th,12th पास जरूरतमंद बेरोजगार युवक/युवती सिक्युरिटी गार्ड जॉब के लिए संपर्क करे 99264-09605, 88272-35662.(आरो न.-648)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** ORDEAL कंपनी को 150 लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। आय (9500 -18500) प्रतिमाह आवास + खाना फ्री परमानेंट जॉब पता- गुरु गोविंद सिंह चौक कृष्णा पेट्रोल पंप के पीछे जगदलपुर छत्तीसगढ़ मो. 9685510878, 9569917030, 9528368316.(RO-2467)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### चौकीदार

**आवश्यकता है-** दाल मिल में चौकीदार की आवश्यकता है। उसको मिल में ही रहना है। एवं 02 कर्मचारी दाल मिल में कार्य करने हेतु, वेतन 13000/- से प्रारंभ एवं चौकीदार वेतन 10000/- संपर्क कन्हैया लाल संतोष कुमार दाल मिल, सड्डू बंजरपारा, रायपुर (RO-2468)

### सफाई/फाईलिंग कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस में साफ सफाई/ फाइलिंग कार्य करने हेतु मेट्रिक/ ग्रेजुएट पास लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता हैं। गुढ़यारी/ स्टेशन के आसपास वालो को प्राथमिकता। वाट्सएप नं. 7389972324.(RO-6963)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000+ कमीशन+बोनस ट्रेनिंग के बाद कमाए 15,000 से ज्यादा गोल चौक DDU नगर रायपुर +91 7417779219. (RO-A)

### सेल्सगर्ल/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178. (RO-3157)

**आवश्यकता है-** कार्य करने योग्य व्यक्ति ही संपर्क करें कंप्यूटर ऑपरेटर ,सेल्समैन ,सेल्स गर्ल्स, टेलर वेतन योग्यतानुसार संपर्क जनता फर्निशिंग होलसेल क्लॉथ मार्केट पुलगांव चौक दुर्ग फोन -0788-2212634.(आरो न.-1861)

### मार्केटिंग/कॉलिंग कार्य

**आवश्यकता है-** पेंट, सीमेंट शोरूम में कार्य हेतु मार्केटिंग स्टाफ-3,कॉलिंग पर्सन-1 की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार संपर्क: नरेश ट्रेडर्स, टाटीबंध रायपुर 9827163561. (RO-410)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्कता हैं,आकर्षक वेतन । संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट,पंडरी,रायपुर । (RO-399)

**आवश्यकता है-** न्यू राजेंद्र नगर स्थित सेनेटरी हार्डवेयर दुकान में बिल कलेक्शन कार्य हेतु पढ़े-लिखे युवक की आवश्यकता है न्यू राजेंद्र नगर के आसपास रहवासी को प्राथमिकता संपर्क:- प्रखर 9039415209. (RO-3187)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु लड़के की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क-श्याम हार्ड वेयर स्टोर्स, स्टेशन रोड,देशबन्धु स्कूल के रायपुर मो.9300908801. (RO-592)

**आवश्यकता है-** किराना एवं डेली नीड्स की दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारीयों की वेतन (5) अकों में अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्क:- सी-मार्केट सेक्टर-6 भिलाई मो.- 98266-84859. (RO-Bhilai)

### सेल्स इंजीनियर

**Required Urgently-** required Sales Engineer for Sales and Marketing inside Bhilai Steel Plant. Candidates must be local to Bhilai and experienced. Salary negotiable. Send CV to report@rajsales.net or contact 7999185103, 9827926841.(आरो न.-649)

### वेल्डर/फिटर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** साइट में कार्य करने हेतु वेल्डर, फिटर, हेल्पर, एवं मार्केटिंग (सेल्स, स्वयं का वाहन + कमीशन) की अतिशीघ्र आवश्यकता है। संपर्क:- 14 रविशंकर शुक्ला मार्केर पावर हाउस भिलाई मो- 9329011025.(आरो न.-650)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर वीआईपी रोड राम मंदिर के पास बच्चा संभालने हेतु 24 घंटे वाली लड़की की जरूरत है, रहना खाना दिया जायेगा, उचित तनख्वाह मिलेगा. संपर्क:- 7000989337, 8839751934. (RO-3186)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** थोक वस्त्र व्यवसाय में कार्य करने हेतु व्यक्तियों की आवश्यकता है संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658. (RO-1649)

### मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** घर बैठे मार्केटिंग 15000- 20000 इनकम कर सकते है मेल-फीमेल चाहिए पार्ट/ फुल टाइम आधारकार्ड, फोटो, बायोडाटा सहित संपर्क:- अरिहंत कॉम्प्लेक्स, नियर गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रायपुर मनीषा 9981096590, हर्षा 6266560800.(RO-3185)

### सर्विस

**झूलाघर -** आपके बच्चों के लिए हम लाए हैं सर्व सुविधायुक्त ए सी झूला घर जैन डे बेबी केयर सेंटर शौर्य पुलिस पेट्रोल पंप के सामने शांति किराया भंडार के ऊपर कालीबाड़ी रायपुर 9827140065. (RO-1650)

### अन्य

**आवश्यकता है-** (नववर्ष भर्ती) जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें- लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/ फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC - 2150/- +91 8602999284 (RO-1335)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ़्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 8918984004. (RO-3128)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8240426971, 9040788128.(RO-817)

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट हेतु नौकरी सीधी भर्ती जिला अनुसार लड़के- लड़कियां 8वी से ग्रेजुएट (30500/- से 70500/-) फीस- 600/- (रहना+ खाना+ मेडिकल फ्री) आवेदन करें:- 8395085813, 9457250244.(RO-3183)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 7450945537 (RO-752)

## Property प्रापर्टी

### मकान

**मकान बेचना है-** चांगोराभाटा 600 वर्गफुट एवं 800 वर्गफुट में 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र नया मकान बेचना है संपर्क करे मोबाइल नंबर:- 9300505421, 9993451070. (RO-3188)

**मकान बेचना है-** रायपुर कुशालपुर दंतेश्वरी मंदिर के पास आदर्श नगर में 750 वर्ग फीट में 4BHK डुप्लेक्स फर्निश्ड इंडिविजुअल कार्नर मकान बेचना है। 8839814486.(RO-3142)

## For Rent किराया

**मकान किराये से देना है-** 1 BHK सेकेण्ड फ्लोर में किराया 5000/- महीना पुरानी बस्ती थाना के पीछे नव दुर्गा चौक रायपुर संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9826416557. (RO-3182)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152



## खबर संक्षेप

### यंग इंडियंस में तरंग बने अध्यक्ष, अरुण उपाध्यक्ष



**नई दिल्ली।** यंग इंडियंस, भारतीय उद्योग परिसंघ का एक महत्वपूर्ण अंग ने अपनी नई राष्ट्रीय नेतृत्व टीम का परिचय दिया। आइकॉन सोलर-एन पावर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक और नवीकरणीय ऊर्जा विशेषज्ञ तरंग खुराना को वाईआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि फ़्लोसिल ग्रुप ऑफ़ कंपनीज़ के निदेशक और प्रतिष्ठित उद्योगपति अरुण राठौड़ को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का पदभार दिया गया है। ग्रामीण भारत में सौर ऊर्जा और स्थिरता को बढ़ावा देने वाले श्री खुराना का प्रभावशाली करियर दो दशकों से अधिक का है। रायपुर चैप्टर चेयर और रीजनल चेयर ईस्ट के रूप में अपनी सेवा के बाद, अब वह वाईआई की राष्ट्रीय पहलों को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री राठौड़, जिन्हें भारत के 40 सबसे साहसी सीईओ में शामिल किया गया है, अपनी शैक्षणिक और व्यावसायिक उपलब्धियों के साथ वाईआई की दिशा को सुदृढ़ करेंगे।

### ट्रांसरेल का शेयर 37 फीसदी उछाल के साथ सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** ट्रांसरेल लाइटिंग का शेयर अपने निर्गम मूल्य 432 रुपये से करीब 37 प्रतिशत चढ़कर शुक्रवार को सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 585.15 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 35.45 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। बाद में यह 39.81 प्रतिशत चढ़कर 604 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर शेयर ने 36.57 प्रतिशत की बढ़त के साथ 590 रुपये पर शुरुआत की।

# सार्वजनिक बैंकों का लाभ चालू वित्त वर्ष में 1.5 लाख करोड़ रहने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में गिरावट आने और दहाई अंकों की ऋण वृद्धि से चालू वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का मुनाफा 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहने की उम्मीद है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में कुल शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 85,520 करोड़ रुपए हो गया जबकि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में यह 68,500 करोड़ रुपए थी। शुद्ध लाभ में बढ़ोतरी का सिलसिला दूसरी छमाही में भी जारी रहने की संभावना है।

**एनपीए में गिरावट आने और दहाई अंकों की ऋण वृद्धि से हो रहा मुनाफा**

#### 61,964 करोड़ रुपए का लाभांश

पिछले तीन वर्षों में बैंकों ने शेयरधारकों के रिटर्न में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और कुल 61,964 करोड़ रुपए का लाभांश दिया है। मौद्रिक नीति समिति की फरवरी में होने वाली अगली बैठक में अपेक्षित दर कटौती के साथ ऋण मांग में और वृद्धि होगी। रेटिंग एजेंसी इक्रा के उपाध्यक्ष सचिन सचदेवा ने कहा, /"हमें उम्मीद है कि यदि दरों में कटौती आगामी एमपीसी बैठक से शुरू होती है तो भी जमा दरों में कुछ समय के लिए कमी आएगी, जिससे निकट-से-मध्यम अवधि में मार्जिन घटेगा। हम बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता पर भी सतर्क हैं तथा वित्त वर्ष 2025-26 में ऋण लागत में वृद्धि की उम्मीद है।




#### सबसे अधिक शुद्ध लाभ

सार्वजनिक बैंकों ने परिसंपत्ति गुणवत्ता, ऋण वृद्धि, स्वस्थ पूंजी पर्याप्तता अनुपात और परिसंपत्तियों पर बढ़ते रिटर्न के दम पर 2023-24 में 1.41 लाख करोड़ रुपए का अपना अब तक का सबसे अधिक कुल शुद्ध लाभ दर्ज किया। सार्वजनिक बैंकों के सकल एनपीए अनुपात में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है, जो मार्च 2018 में 14.58 प्रतिशत के उच्च स्तर से सुधरकर सितंबर 2024 में 3.12 प्रतिशत पर आ गया।

*लक्षित कदमों की सफलता : एनपीए में आई यह कमी बैंकिंग प्रणाली के भीतर तनाव को दूर करने के उद्देश्य से लक्षित कदमों की सफलता को दर्शाती है। पीएसबी की मजबूती का एक अन्य संकेतक उनका पूंजी से जोखिम भारित संपत्ति अनुपात है जो मार्च 2015 के 11.45 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर 2024 में 15.43 प्रतिशत हो गया।*

#### सीआरएआर का अधिक स्तर

सार्वजनिक बैंकों के सीआरएआर का यह स्तर भारतीय रिजर्व बैंक की 11.5 प्रतिशत की न्यूनतम शर्त से कहीं अधिक है, जो इन संस्थानों की मजबूत वित्तीय सेहत को रेखांकित करता है। इसका नतीजा यह निकला है कि भारत 2014-15 में घाटे की स्थिति से उबरकर दोहरे बहीखाता लाभ के करीब है। आरबीआई ने 2015 में परिसंपत्ति गुणवत्ता समीक्षा शुरू कर एनपीए की पारदर्शी पहचान को अनिवार्य बनाया था। इसने पहले से पुनर्गठित ऋणों को भी एनपीए के रूप में नए सिरे से वर्गीकृत किया, जिससे रिपोर्ट किए गए एनपीए में तेज वृद्धि हुई। इस दौरान फंसे कर्जों के लिए प्रावधान की बढ़ती जरूरतों ने बैंकों के वित्तीय मापदंडों को प्रभावित किया।

### अमेरिकी डॉलर में मजबूती के कारण 23 पैसे की बड़ी गिरावट

# रुपया ने छूआ सबसे निचला स्तर 23 पैसे गिरकर 85.50 प्रति डॉलर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अमेरिकी डॉलर में मजबूती के बीच रुपया शुक्रवार को 23 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 85.50 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 85.80 के अपने सबसे निचले स्तर पर लुढ़कने के बाद रिजर्व बैंक के संभवतः हस्तक्षेप के सहारे रुपये ने नुकसान की कुछ भरपाई की।

विश्लेषकों ने कहा कि महीने के अंत में बैंकों और आयातकों की ओर से डॉलर की मांग आने से रुपए पर दबाव पड़ा। इसके अलावा डॉलर के मजबूत रुख ने भी इसके भाव को गिराने का काम किया। विश्लेषकों के मुताबिक, रिजर्व बैंक द्वारा अल्पकालिक वायदा अनुबंधों में डॉलर भुगतान को रोके रखने से डॉलर की कमी बढ़ गई है। इसकी वजह यह है कि आयातक महीने के अंत में अपने भुगतान दायित्वों को पूरा करने की जल्दबाजी में हैं।इसके अलावा विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण भी रुपये पर दबाव पड़ा।



#### 2023 में सबसे बड़ी गिरावट

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.31 के भाव पर कमजोर खुला और एक समय 53 पैसे गिरकर 85.80 के अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गया। हालांकि बाद में यह थोड़ा संभला और कारोबार के अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.50 पर बंद हुआ जो पिछले बंद स्तर से 23 पैसे की गिरावट है। रुपया गुरुवार को 85.27 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपए में इससे पहले एक कारोबारी सत्र में 68 पैसे की सबसे बड़ी गिरावट दो फरवरी, 2023 को आई थी।

#### परिपक्व अनुबंधों को आगे बढ़ाने से परहेज

पिछले कुछ हफ्तों में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया लगभग हर दिन नए निचले स्तर को छू रहा है। गुरुवार को भी डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे गिरकर 85.27 पर आ गया था। सीआर फॉरेक्स एडवाइजर्स के प्रबंध निदेशक अमित पाबारी ने कहा, /"रिजर्व बैंक के पास दिसंबर और जनवरी में परिपक्व होने वाले वायदा अनुबंधों में 21 अरब डॉलर हैं। बाजार की अटकलों से पता चलता है कि आरबीआई ने इन परिपक्व अनुबंधों को आगे बढ़ाने से परहेज किया है, जिससे डॉलर की कमी और रुपए की अधिक आपूर्ति हो रही है।

#### डॉलर सूचकांक का कारोबार

इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत बढ़कर 107.94 पर कारोबार कर रहा था, जबकि 10 साल के बॉन्ड का प्रतिफल 0.76 प्रतिशत बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 4.61 प्रतिशत पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.15 प्रतिशत बढ़कर 73.37 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

#### एफआईआई भी प्रमुख कारण

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि महीने के अंत में आयातकों की ओर से डॉलर की मांग और विदेशी निवेशकों (एफआईआई) द्वारा निकासी किए जाने से रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। चौधरी ने कहा, /"अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि ने भी रुपये पर दबाव डाला। अमेरिकी डॉलर और रुपये का हाजिर भाव 85.30 रुपये से 85.85 रुपये के बीच रहने का अनुमान है।

# अल्ट्राटेक 851 करोड़ रुपए में खरीदेगी स्टार सीमेंट में 8.69 प्रतिशत हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




प्रमुख सीमेंट उत्पादक अल्ट्राटेक सीमेंट ने मेघालय स्थित स्टार सीमेंट के प्रवर्तकों से 8.69 प्रतिशत अल्पांश हिस्सेदारी के अधिग्रहण की शुक्रवार को घोषणा की। यह सौदा 851 करोड़ रुपए में होगा।

सूत्रों ने बताया कि अल्ट्राटेक सीमेंट राजेंद्र चमरिया और उनके परिवार की हिस्सेदारी खरीदेगी जो प्रवर्तक समूह का हिस्सा है।

उन्होंने बताया कि केवल चमरिया परिवार ही कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बेच रहा है, जबकि सेंचुरी प्लाई को नियंत्रित करने वाले अन्य प्रवर्तक प्रतिबद्ध कोई भी शेयर नहीं बेच रहे हैं। वर्तमान में चमरिया की हिस्सेदारी करीब 13-14 प्रतिशत होने का अनुमान है। किसी भी नए निवेशक को निदेशक मंडल में जगह नहीं मिलेगी।' नवीनतम शेयरधारिता आंकड़ों के अनुसार, चमरिया उपनाम वाले सभी प्रवर्तक शेयरधारकों की कुल हिस्सेदारी 11.25 प्रतिशत है। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी द्वारा इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड में नियंत्रक हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा करने के कुछ दिन बाद यह घोषणा की गई है, जिससे दक्षिण स्थित कंपनी उसकी अनुषंगी कंपनी बन गई है।

#### निवेश करने को दी मंजूरी

कंपनी के अनुसार, स्टार सीमेंट के कुछ प्रवर्तक तथा प्रवर्तक समूह इकाइयां ''स्टार सीमेंट में अपनी शेयर हिस्सेदारी बेचने का प्रस्ताव कर रही हैं और इसके लिए उन्होंने कंपनी से संपर्क किया है।' इसमें कहा गया, 'कंपनी के निदेशक मंडल ने आज आयोजित अपनी बैठक में प्रस्ताव पर विचार किया और स्टार सीमेंट के 3.70 करोड़ शेयर तक गैर-नियंत्रक अल्पांश हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए निवेश करने को मंजूरी दी, जिसकी कीमत 235 रुपये प्रति शेयर से अधिक नहीं होगी। इसमें एसटीटी, स्टांप ड्यूटी और अन्य शुल्क शामिल नहीं होंगे।'

## अदाणी पोर्ट्स ने कोचीन शिपयार्ड को दिया 450 करोड़ में आठ 'टग बोट' का ऑर्डर




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने कोचीन शिपयार्ड को आठ 'टग बोट' के लिए 450 करोड़ रुपये का ऑर्डर दिया है।

'टग बोट' ऐसी छोटी नौकी होती हैं, जो बंदरगाहों के पास बड़े जहाजों को आगे पीछे ले जाने में मददगार होती हैं। एपीएसईजेड ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इनकी आपूर्ति दिसंबर, 2026 से मई, 2028 तक होने की उम्मीद है। इससे भारतीय बंदरगाहों में पोत परिचालन की दक्षता और सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अश्विनी गुप्ता ने कहा, "स्थानीय विश्वस्तरीय विनिर्माण क्षमताओं का लाभ उठाकर हमारा लक्ष्य 'मेक इन इंडिया' (भारत में बनाओ) पहल में योगदान देना है, साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि हमारा परिचालन सुरक्षा और दक्षता के अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरुप हो।

## बैंक, वाहन शेयरों में खरीदारी से सेंसेक्स चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बैंकों और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स 226 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी ने एक बार फिर 23,800 के स्तर को पार कर लिया। विश्लेषकों के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने और विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने के बीच निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से बाजार की तेजी एक दायरे में ही रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 226.59 अंक यानी 0.29 प्रतिशत चढ़कर 78,699.07 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 570.67 अंक उछलकर 79,043.15 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मानक सूचकांक निफ्टी भी 63.20 अंक यानी 0.27 प्रतिशत बढ़कर 23,813.40 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, नेस्ले और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

## सोने में 350 रुपए की तेजी चांदी में चौथे दिन भी तेजी

**नई दिल्ली ।** आभूषण विक्रेताओं की सतत लिवाली तथा रुपए के मूल्य में गिरावट आने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 350 रुपए की तेजी के साथ 79,200 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। कारोबारियों ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में संघर्ष की स्थिति के कारण बढ़ते वैश्विक तनाव से भी इस सुरक्षित-संपत्ति को मजबूती मिली है। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 78,850 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

## विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 644.39 अरब डॉलर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 8.48 अरब डॉलर घटकर 644.39 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.99 अरब डॉलर घटकर छह महीने के निचले स्तर 652.87 अरब डॉलर पर आ गया था। इस गिरावट का कारण रुपए में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई का विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन को माना जा रहा है। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब अमेरिकी डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.01 अरब डॉलर घटकर 556.56 अरब डॉलर रह गईं।



#### स्वर्ण भंडार भी घटा

समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 2.33 अरब डॉलर घटकर 65.73 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार 11.2 करोड़ डॉलर घटकर 17.88 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 2.3 करोड़ डॉलर घटकर 4.22 अरब डॉलर रहा।

## बिजनेस साइट

### सत्यनारायण को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ का अतिरिक्त प्रभार



**दुर्ग।** सत्यनारायण राठौर (आईएएस), आयुक्त दुर्ग संभाग को छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित का प्राधिकृत अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

उन्होंने 26 दिसंबर को पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद श्री राठौर ने दुग्ध महासंघ के अधिकारियों के साथ बैठक की और महासंघ की गतिविधियों व वर्तमान स्थिति पर चर्चा की।इसके साथ ही सत्यनारायण राठौर ने मुख्य संयंत्र परिसर में स्थापित नवनिर्मित दही संयंत्र का निरीक्षण किया और इसके संचालन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को यह निर्देश दिया कि वर्तमान में संचालित मिल्क पार्लर पुराने और अप्रासंगिक हो गए हैं, जिन्हें आधुनिक रूप में परिवर्तित कर नवीन मिल्क पार्लर स्थापित किया जाए।

इसके लिए उपस्थित एसडीएम भिलाई, श्री राजपूत को मेन रोड पर दुग्ध महासंघ के लिए जमीन आबंटित करने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि दुग्ध और दुग्ध उत्पादों की बिक्री में वृद्धि हो सके।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130




# रायगढ़ मेडिकल कॉलेज जूनियर रेसिडेंट का पद कर रहा सरेंडर, संकट में आए 17 डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायगढ़ के शासकीय मेडिकल कालेज में जूनियर रेसिडेंट का पद सरेंडर करने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को भेजे गए पत्र से हड़कंप मच गया है। पत्र में तर्क दिया गया है कि एनएमसी के नियम के अनुसार पीजी डाक्टरों को ही जेआर के रूप में मान्य किया गया है। कालेज में पीजी की काफी पर्याप्त संख्या है, इसलिए चिकित्सा अधिकारी स्तर के जूनियर रेसिडेंट की आवश्यकता नहीं है। इससे कालेज पर वेतन और भत्ते के रूप में आने वाले खर्च की भी बचत होगी। मेडिकल कालेज के डीन द्वारा भेजे गए इस पत्र से एमबीबीएस के बाद जूनियर रेसिडेंट के रूप में रायगढ़ मेडिकल कालेज मे पदस्थ किए 17 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति खतरे में आ गई है, जिससे बचने के लिए वे राजधानी आकर शिकायत करने की तैयारी में हैं। रायगढ़ के श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में जूनियर रेसिडेंट वेतनमान लेबल 12 के 55 पद सृजित हैं। वर्तमान में यहां नियमित और संविदा तथा बांडेड आधार पर 23 डाक्टर कार्यरत हैं। मेडिकल कालेज के डीन द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है, एनएमसी पीजी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों को रेसिडेंट चिकित्सा के रूप में मान्य करती है। इस हिसाब से महाविद्यालय में सृजित नियमित जूनियर रेसीडेंट (चिकित्सा अधिकारी) के पद की आवश्यकता नहीं है। इसलिए इन पदों को सरेंडर किया जाए। तर्क दिया गया है कि इन जूनियर डाक्टरों को हटाए जाने के बाद प्रतिमाह दिए जाने वाले इनके वेतन-भत्ते की राशि की बचत होगी, जिसका उपयोग महाविद्यालय में संचालित पीजी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों को स्टाइपेंड के रूप में किया जा सकेगा।

अलग खबर

### पीजी की 124 सीटों के लिए आवेदन

वर्तमान में रायगढ़ मेडिकल कालेज में संचालित 10 विभागों में आठ सीटों पर पीजी पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। यहां पांच विभागों में 24 पीजी सीट शुरू करने एनएमसी को आवेदन किया है। स्वीकृति मिलने के बाद कालेज में पीजी के छात्र पर्याप्त हो जाएंगे, जिसके बाद एमबीबीएस वाले जूनियर रेसिडेंट की आवश्यकता नहीं होगी।

## एनएमसी के नियम और वेतन-भत्ते की राशि में बचत का दिया गया हवाला



### स्थानीय चिकित्सकों को परेशानी

छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन ने इस पर आपत्ति जताई है। अध्यक्ष डा. हीरा सिंह ने कहा कि कि मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पतालों में इलाज का अत्यधिक भार होता है। पीजी छात्रों को इलाज के साथ अपनी पढ़ाई भी करनी होती है। एमबीबीएस स्तर के जूनियर रेसिडेंट उपचार व्यवस्था में सहायक होते हैं। पद सरेंडर किए जाने के प्रस्ताव का विरोध किया जाएगा।

### दूसरे कालेजों में भेजने की सिफारिश

चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को भेजे गए पत्र में यह भी सुझाव दिया गया है कि जूनियर रेसिडेंट पद पर कार्यरत नियमित चिकित्सकों को उन नए मेडिकल कालेजों में स्थानांतरित किया जाए, जहां स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का संचालन नहीं किया जा रहा है। अथवा स्वास्थ्य सेवाओं के सेटअप में आने वाले चिकित्सकीय संस्थाओं में इनका उपयोग किया जाए।

## रोचक खबरें

### दुर्लभ सिक्का : 20वीं सदी में बना था ये सिक्का, दुनिया में है सबसे महंगा

**वॉशिंगटन।** आपने अक्सर सुना होगा कि अगर आपके पास कोई दुर्लभ बैंक नोट या सिक्का है तो उसे बेचकर आप अमीर बन सकते हैं। ऐसे कई लोगों से जुड़ी खबरें आती भी रहती हैं, जिनके हाथ दुर्लभ सिक्का लग जाता है और वो उसे नीलाम कर देते हैं। हाल ही में ऐसे ही एक दुर्लभ सिक्के के काफी चर्चे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस सिक्के के बारे में बताया गया है, जिसे भी ये मिल गया तो वो करोड़पति बन जाएगा। एक वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के इस सिक्के का नाम है गोल्ड डबल ईगल। 1933 में ये सिक्का बना था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक पर एक यूजर ने इसके बारे में जानकारी दी है। आप सोचेंगे कि सिक्का इतना भी पुराना नहीं है, तो फिर ये इतना दुर्लभ क्यों है? दरअसल, ग्रेट डिप्रेशन के दौरान ऐसे 4,45,500 सिक्के बनाए गए थे, पर उन्हें अमेरिका के आधिकारिक सर्कुलेशन में शामिल नहीं किया गया था। अमेरिकी प्रेसिडेंट फ्रैंकलिन रूजवेल्ट ने उस दौर में गोल्ड कॉइन्स के प्रोडक्शन पर रोक लगा दी थी। उन्होंने नागरिकों से भी कह दिया था कि अगर उनके पास कोई सिक्का हो तो वो उसे लौटा दें। उस वक्त तक करीब 6 लाख सिक्के मिंट हो चुके थे।



### यारी : 11 साल के बच्चे और तोते की अनोखी दोस्ती, दोनों समझते हैं एक-दूसरे की भाषा

**कन्नौज।** यूपी के कन्नौज जिले में एक तोते और एक बच्चे की दोस्ती देखकर हर कोई हैरान हैं। दोस्ती भी ऐसी खास जिसको देखकर सभी तारीफ कर रहे हैं। बच्चा तोते की जुबान में बात करता है, तोता भी बच्चे की जुबान समझता हैं। इसके बाद दोनों एक दूसरे के पास आकर बात भी करते हैं। वहीं, दोनों एक दूसरे से प्यार भी करते हैं। बच्चा जहां-जहां जाता है, तोता उसके साथ ही रहता हैं। ऐसे जब बच्चा उस तोते को बुलाता है, तो वह उसके होठों पर आकर किस करने लगता हैं। सबसे मनमोहक करने वाली तस्वीर यही सामने रहती हैं। करीब 11 वर्षीय ऋतिक कुशवाहा के पिता कृष्णकांत कुशवाहा को कुछ सालों पहले यह दोनों तोते घायल अवस्था में मिले थे। इसके बाद वह उसको घर ले आए और अपने बच्चों की तरह पालन पोषण किया। अपने ऑफिस से लौटते वक्त कृष्णकांत कुशवाहा को करीब 2 साल पहले यह दोनों तोता सड़क पर मिले थे। इसके बाद यह उसको अपने घर ले आए और इसका इलाज किया, जिसके बाद उसको अपने बच्चों की तरह पाला। यह सब देख कृष्णकांत कुशवाहा का बेटा भी इन पक्षियों की सेवा में लगा रहता था। उनको खाना देना, उनको पानी देना, समय से उसकी दवा का ध्यान रखना। इसके बाद अब इन पक्षियों ने इस पूरे परिवार को अपना परिवार मान लिया हैं। सुबह उठते ही यह लोग खाना पानी के लिए मम्मी पापा और बच्चे के निकनेम से उसको पुकारने लगता हैं।



खास

अद्वितीय रंग, बनावट है दुर्लभता के कारण


# इतने में तो बाइक आ जाए...जानते हैं दुनिया के सबसे महंगे मुर्गे

एजेंसी ⏭ लंदन

मुर्गियां अक्सर अंडे और मांस के लिए पाली जाती हैं, लेकिन दुनिया में कुछ मुर्गियां इतनी अनोखी हैं कि वे अपने अद्वितीय रंग, बनावट और दुर्लभता के कारण लाखों रुपए में बिकती हैं। इनके प्रति लोगों की दीवानगी इन्हें बेहद खास बनाती है।

### महंगी मुर्गियों के पीछे के कारण

इन प्रजातियों की कीमत उनकी दुर्लभता, सुंदरता, और पालन की जटिलताओं पर निर्भर करती है। इसके अलावा इनकी प्रजातियां सीमित क्षेत्रों में ही पाई जाती हैं। इनकी परवरिश में विशेष ध्यान और संसाधन लगते हैं। इनके रंग, बनावट और अनोखी आदतें इन्हें बाकी मुर्गियों से अलग बनाती हैं।



### अयाम सेमानी (कीमत 2,00,000 रुपए तक)

इंडोनेशिया की यह दुर्लभ प्रजाति पूरी तरह काले रंग की होती है। इसका खून, मांस और हड्डियां भी काले रंग की होती हैं। माना जाता है कि यह मुर्गी शुभ होती है, और इसे दुनिया की सबसे दुर्लभ प्रजातियों में गिना जाता है।



### डोंग ताओ (कीमतः 1,50,000 रुपए तक)



वियतनाम की यह मुर्गी अपने बड़े, मोटे और असामान्य पैरों के लिए जानी जाती है। इनका मांस रेस्तरां में एक महंगे व्यंजन के रूप में परोसा जाता है। डोंग ताओ को पालने में खास देखभाल की जरूरत होती है, जिससे इसकी कीमत और बढ़ जाती है।

### सिल्की (कीमतः 50,000 तक)

चीन की यह मुर्गी अपने रेशमी पंखों के लिए जानी जाती है। इनके पंख इतने मुलायम होते हैं कि इन्हें छूना रेशम को छूने जैसा लगता है। इनकी त्वचा और हड्डियां नीले रंग की होती हैं, जो इन्हें और भी अलग बनाती हैं।

### सेराम (कीमत 85,000 रुपए तक)

मलेशिया की यह छोटी प्रजाति अपने छोटे कद और हल्के वजन के लिए मशहूर है। ये न केवल खूबसूरत होती हैं, बल्कि अपने शांत स्वभाव के कारण पालतू जानवर के रूप में भी लोकप्रिय हैं।



### पोलिश चिकन (कीमत 30,000 रुपए तक)



इस प्रजाति की पहचान इसके सिर पर मौजूद खास कलगी से होती है। इन मुर्गियों का उपयोग मुख्य रूप से सजावटी प्रजाति के रूप में किया जाता है। पोलिश चिकन शांत स्वभाव की होती हैं और इन्हें शो या प्रतियोगिताओं में प्रदर्शित किया जाता है।

### ओनागादोरी (कीमत 2,00,000 रुपए तक)



जापान की इस मुर्गी को इसकी लंबी और खूबसूरत पूंछ के लिए जाना जाता है।यह पूंछ 12 फीट तक लंबी हो सकती है। जापानी संस्कृति में इसे शुभ माना जाता है और यह सजावटी प्रजातियों में सबसे ऊपर गिनी जाती है।

### ब्रह्मा चिकन (कीमत 35,000 रुपए तक)



ब्रह्मा मुर्गी अपनी भारी कद-काठी और वजन के लिए जानी जाती है। यह मुर्गी अमेरिका में उन्नीसवीं सदी में विकसित की गई थी। इसका वजन 8 किलो तक हो सकता है। इसे अंडा और मांस उत्पादन के लिए भी पाला जाता है।



# करोड़ों दिलों पर राज करता है ये शख्स

**सिडनी।** जिंदगी में दुख-सुख आते हैं और जाते हैं। कभी-कभी इंसान के सामने ऐसी जटिल समस्याएं आ जाती हैं कि वो हिम्मत हार जाता है। लेकिन, ऐसे भी लोग हैं जो कभी अपना हौसला नहीं खोते हैं। वह कठिनाइयों के बाद जीवन में एक नया मुकाम हासिल करते हैं और दूसरो के लिए प्रेरणा बन जाते हैं। आज हम आपको एक ऐसे शख्स के बारे में बताएंगे, जो बिना-हाथ के जन्मे, लेकिन इन्होंने कारनामे ऐसे-ऐसे किए जो दूसरों के लिए मिसाल बन गए।

कई बार कुछ सवाल भी अक्सर उन्हें परेशान करते थे कि वह दूसरों से अलग क्यों हैं? क्या उनके जीवन का कोई उद्देश्य भी है या नहीं। लेकिन, उन्होंने कभी अपने इस जीवन से हार नहीं मानी और हमेशा आम लोगों की तरह जिंदगी को जीने की कोशिश करते रहे। 19 साल की आयु में उन्होंने अपना पहला भाषण दिया।

### सफल प्रेरक वक्ता हैं निक वुजिसिस

यह कहानी 42 साल के ऑस्ट्रेलिया के निक वुजिसिस की है, जो मोटिवेशनल स्पीकर हैं। निक एक दुर्लभ जन्मजात विकार टेट्रा-अमेलिया सिंड्रोम से पीड़ित हैं, लेकिन वह एक एथलीट भी हैं। वह बिना हाथ-पैर के पैदा हुए थे। उनकी बाईं तरफ एक छोटा सा पैर है जो उन्हें हर तरह के काम और एडवेंचर में मदद करता है। निक वुजिसिस एक ऐसी शख्सियत हैं जिनके बारे में यदि आप पढ़ेंगे तो आप भी जीवन से निराश होना छोड़ देंगे। निक वुजिसिस सफल प्रेरक वक्ता हैं, जिनके जन्म से ही हाथ-पैर नहीं हैं।

# ठंड में आइसक्रीम की तरह जम जाता है ये शहर, -41 डिग्री तक होता है तापमान



**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कई ऐसी जगहें हैं, जहां भयानक ठंड पड़ती है। शीतलहर की वजह से लोगों का बाहर निकल पाना भी मुश्किल होता है। कई बार तो ऐसी शीतलहर की वजह से लोगों की मौत भी हो जाती है। हर साल हमारे देश में ही ठंड की वजह से दर्जनों लोग मर जाते हैं। लेकिन, आज हम आपको धरती के सबसे ठंडे शहर के बारे में बताने जा रहे हैं, जो दिसम्बर के महीने में पूरी तरह से आइसक्रीम की तरह जम जाता है। इस महीने इस शहर का तापमान -31 डिग्री से -41 डिग्री के बीच पहुंच जाता है। वहीं, महज चार घंटे के लिए सूरज की रोशनी नसीब होती है। हड्डियों को कंपा देने वाले इस शहर में शीतदंश और हाइपोथर्मिया जैसी बीमारी 'लगभग ठंड जितनी ही आम बात है'।

बताया जाता है कि याकुत्स्क में भयानक सर्दी की एक खास वजह है, जिसमें यहां की नदी घाटी का शामिल होना है। ये घाटी ठंडी हवाओं को अपने बीच में फंसाए रखती है, जिससे एक उच्च दबाव प्रणाली डेवलप होती है।

# साल 2025 में लगेंगे चार ग्रहण, जानिए भारत में दिखाई देंगे या नहीं

**उज्जैन।** खगोलीय घटनाओं में दिलचस्पी रखने वालों के लिए साल 2025 बेहद खास होने वाला है। साल 2025 में दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्र ग्रहण लगेंगे। उज्जैन की प्रतिष्ठित वेधशाला ने यह जानकारी दी है। वेधशाला ने कहा कि साल 2025 में चार ग्रहण लगेंगे, जिनमें दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्रग्रहण होंगे।




वेधशाला के अधीक्षक डॉ. राजेंद्र प्रकाश गुप्त ने बताया साल 2025 में ग्रहणों की शुरुआत मार्च से होगी। 14 मार्च 2025 को पूर्ण चंद्र ग्रहण लगेगा, जो भारत में नजर नहीं आएगा, क्योंकि इस दौरान इस दौरान भारत में दिन होगा। यह चंद्र ग्रहण अमेरिका, पश्चिमी यूरोप, पश्चिमी अफ्रीका और उत्तरी और दक्षिणी अटलांटिक महासागर में दिखाई देगा। भारतीय समय के मुताबिक, पूर्ण चंद्र ग्रहण की शुरुआत 14 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजकर 39 मिनट 3 सेकेंड पर होगी और ग्रहण 2 बजकर 18 मिनट 2 सेकेंड पर खत्म होगा।

**कब लगेगा तीसरा ग्रहण :** साल 2025 में लगने वाला तीसरा ग्रहण पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा। यह यह ग्रहण दिनांक 7-8 सितंबर 2025 को होगा। भारतीय समय के मुताबिक, पूर्ण चंद्र ग्रहण 7 सितंबर 2025 को 9 बजकर 56 मिनट 8 सेकेंड पर शुरू होगा और यह मध्य रात्रि एक बजकर 26 मिनट 8 सेकेंड पर समाप्त होगा।

### सितंबर में लगेगा साल का आखिरी ग्रहण

साल 2025 का चौथा और आखिरी ग्रहण सितंबर में लगेगा, जो एक आशिंक सूर्य ग्रहण होगा। यह सूर्य ग्रहण 21-22 सितंबर के बीच लगेगा। भारतीय समय के मुताबिक, आंशिक सूर्य ग्रहण 21 सितंबर 2025 को रात 10 बजकर 59 मिनट 8 सेकेंड पर लगेगा और तड़के 3 बजकर 23 मिनट पर समाप्त होगा। यह ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा। यह ग्रहण न्यूजीलैंड, पूर्वी मेलानेशिया, दक्षिणी पोलिनेशिया व पश्चिमी अंटार्कटिका में दिखेगा।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com